


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 128

ग्वालियर, सोमवार , 28 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### आंध्र प्रदेश में जुड़वां भाइयों को मिला 50-50 लाख का पैकेज

**विजयवाड़ा(ए)।** आंध्र प्रदेश में जुड़वां भाइयों सप्तर्षि और राजर्षि मजूमदार को 50-50 लाख रुपये का पैकेज मिला है। दोनों का एसआरएम यूनिवर्सिटी, अमरावती से कैंपस सेलेक्शन हुआ है। उन्हें पीवीपी इंच में नौकरी मिली है। यह कंपनी गूगल जापान की स्ट्रैटेजिक पार्टनर है। आंध्र प्रदेश से स्नातक करने वाले छात्रों के लिए यह शायद अब तक का सबसे अधिक वेतन पैकेज है। साथ ही, राज्य में पहली बार जुड़वां भाइयों को समान वेतन पैकेज के साथ एक ही कंपनी में प्लेसमेंट मिला है। सप्तर्षि और राजर्षि एसआरएम-एपी परिसर के इंजिनियरिंग छात्रों के पहले बैच से हैं। पहले बैच का औसत सालाना पैकेज 7 लाख रुपये था। एसआरएम के कुलपति प्रफेसर वीएस राव ने बताया कि पहले बैच ने रेकॉर्ड 100 फीसदी प्लेसमेंट बनाया है। लगभग 71 फीसदी छात्रों को औसतन 20 लाख रुपये का वार्षिक ऑफर मिला। सप्तर्षि और राजर्षि ने अपने माता-पिता और विश्वविद्यालय के संकाय को उनकी सफलता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमने कभी नहीं सोचा था कि हमें इतना बड़ा प्लेसमेंट मिल सकता है। सप्तर्षि ने कहा, हमारा जो लक्ष्य था हमने उसके लिए मेहनत की और हमें वह मिल गया।

### केंद्रीय कर्मचारियों को 1 जुलाई से फिर मिलेगा

**नई दिल्ली (ए)।** सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक मैसेज को वित्त मंत्रालय ने झूठा बताया है। वित्त मंत्रालय ने वायरल मैसेज को साझा करते हुए कहा है कि इस तरह का कोई आदेश नहीं दिया गया है और यह ऑफिस मेमोरेंडम झूठा है। वित्त मंत्रालय ने कहा, सोशल मीडिया पर एक दस्तावेज घूम रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और केंद्र सरकार के पेंशनधारकों के लिए महंगाई राहत को जुलाई 2021 से फिर से शुरू किया जा रहा है। यह ऑफिस मेमोरेंडम झूठा है। ऐसा कोई ओम भारत सरकार की ओर से नहीं जारी किया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए कथित ओएम पर 26 जून 2021 की तारीख है। इसमें लिखा गया है कि कोरोना महामारी की वजह से रोके गए डीए और डीआर को 1 जुलाई 2021 से फिर चालू किया जा रहा है। इसमें यह भी कहा गया है कि 1 जुलाई 2020 से 1 जनवरी 2021 के बीच लंबित डीए और डीआर को तीन किस्तों में दिया जाएगा। साथ ही लिखा गया है कि यह आदेश सभी केंद्रीय कर्मचारियों और केंद्र सरकार के पेंशनधारकों के लिए लागू होगा।

### बांग्लादेश की 3 दिवसीय यात्रा पर भारतीय वायुसेना प्रमुख पहुंचे ढाका

**नई दिल्ली (ए)।** एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने अपने 3 दिवसीय बांग्लादेश दौरे की शुरुआत की। इस दौरान वह दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को और विस्तार देने पर चर्चा करेंगे। वायु सेना प्रमुख के बांग्लादेश दौरे से दो महीने पहले सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे ने बांग्लादेश का दौरा किया था। ढाका में भारतीय उच्चायोग ने ट्वीट किया, ÷एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, एडीसी, बांग्लादेश वायु सेना के प्रमुख के आमंत्रण पर तीन दिवसीय दौरे के लिए आज ढाका पहुंचे।÷ उम्मीद जताई जा रही है कि एयर चीफ मार्शल अपने बांग्लादेशी समकक्ष के साथ दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को विस्तार देने पर बातचीत करेंगे।

### जम्मू एयरपोर्ट में देर रात 5 मिनट में दो बड़े धमाके

जम्मू (ईएमएस)। जम्मू एयरपोर्ट परिसर के टेक्निकल एरिया में में तेज धमाका हुआ है। जम्मू एयरपोर्ट के अत्यधिक सुरक्षा वाले तकनीकी क्षेत्र में शनिवार देर रात पांच मिनट के अंतराल में दो बड़े विस्फोट हुए। अधिकारियों ने की मानें तो फिलहाल पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम मौके पर मौजूद है। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट देर रात करीब सवा दो बजे हुए। पहले विस्फोट के कारण एक इमारत की छत ढह गई और दूसरा विस्फोट जमीन पर हुआ। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को कुछ ही मिनटों में सील कर दिया। वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इसमें किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली थी। इस मामले पर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों की मानें तो जम्मू एयरबेस के पास ही यह टेक्निकल इलाका पड़ता है, जहां विस्फोट के लिए दो ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। बताया जा रहा है कि जम्मू एयरपोर्ट के टेक्निकल एरिया में धमाके की आवाज सुनाई दी जिसके बाद वहां अफरा तफरी का माहौल है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू एयरपोर्ट के टेक्निकल एरिया में यह विस्फोट करीब शनिवार देर रात 1.40 बजे हुई। शुरुआती आकलन में

# कोरोना से बचाव के दो रास्ते, वैक्सीन लगवाएं, मास्क लगाएं

- **मन की बात में पीएम ने कहा- भ्रम में मत रहिए, ये बहुरुपिया बीमारी है**
- **मप्र के बैतूल जिले के निवासी ग्रामीण से बात की और वैक्सीनेशन को लेकर पूछा**
- **टोक्यो जाने वाले खिलाड़ियों प्रेरित करने वाला संदेश देने से पहले ही विदा हो गए मिल्खा सिंह**



**नई दिल्ली(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अलग अंदाज में मन की बात कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि अक्सर मन की बात में आपके प्रश्नों की बौछार रहती है। इस बार मैंने सोचा कि कुछ अलग किया जाए। मैं आपसे प्रश्न करूं। पीएम मोदी ने सवाल किए कि ओलंपिक में इंडिविजुअल गोल्ड जीतने वाला पहला भारतीय कौन था? कौन से खेल में भारत ने अब तक सबसे ज्यादा मेडल जीते हैं? किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा पदक जीते हैं? उन्होंने टोक्यो ओलंपिक के बहाने महान एथलीट मिल्खा सिंह को याद किया और कहा कि जब वे अस्पताल में थे, मेरी बात हुई थी। उनसे कहा था कि आपने तो 1964 के टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था इसलिए इस बार जब हमारे खिलाड़ी टोक्यो जा रहे हैं तो आपको हमारे एथलीट्स का मनोबल बढ़ाना है, उन्हें अपने संदेश से प्रेरित करना है। वो खेल को लेकर इतने समर्पित और भावुक थे कि बीमारी की हालत में भी उन्होंने तुरंत ही इसके लिए हामी भर दी लेकिन दुर्भाग्य से नियती को कुछ और ही मंजूर था। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में तो अधिकांश खिलाड़ी छोटे-छोटे शहरों, कस्बों, गांवों से निकल कर आते हैं। उन्होंने कहा कि जब टैलेंट, डेडिकेशन, डेटर्मिनेशन और स्पोर्ट्समैन स्पिरिट एकसाथ मिलते हैं तब जाकर कोई चैम्पियन बनता है। पीएम ने कहा कि टोक्यो जा रहे हर खिलाड़ी का अपना संघर्ष रहा है। कई साल की मेहनत रही है। वो केवल अपने लिए नहीं जा रहे बल्कि देश के लिए जा रहे हैं। हमें जाने-अनजाने में इन खिलाड़ियों पर दबाव नहीं बनाना, खुले मन से इनका साथ देना है। हर खिलाड़ी का उत्साह बढ़ाना है।

पीएम मोदी ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक के लिए जा रहे हमारे खिलाड़ियों के दल में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जिनका जीवन बहुत प्रेरित करता है। उनके माता-पिता मजदूरी कर परिवार चलाते हैं और अब उनका बेटा अपना पहला ओलंपिक खेलने टोक्यो जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ उनके माता-पिता ही नहीं, हम सभी के लिए गौरव की बात है। पीएम ने महाराष्ट्र के सतारा जिले के प्रवीण जाधव, महिला हॉकी खिलाड़ी नेहा गोयल, कभी विश्व की नंबर वन तीरंदाज रहीं दीपिका कुमारी, यूपी के मुजफ्फरनगर की प्रियंका गोस्वामी, भाला फेंक स्पर्धा में भाग लेने जा रहे वाराणसी के शिवपाल सिंह, चिराग शेट्टी, सात्विक साईराज, मनीष कौशिक, सीए भवानी देवी के जीवन संघर्ष की भी चर्चा की। पीएम मोदी ने हाल ही में एक दिन में सर्वाधिक वैक्सीनेशन के रिकॉर्ड की चर्चा की और मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के निवासी एक ग्रामीण से बात की और वैक्सीनेशन को लेकर पूछा।

# सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे देश का सर्वोच्च पद मिलेगा: कोविंद

**आज मैं जहां भी हूं, उसका श्रेय इस गांव की मिट्टी, आपके प्यार एवं आशीर्वाद को है**



**लखनऊ(ए)।** सपने में भी कभी नहीं सोचा था कि वह देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होंगे। यह बात राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कही। रविवार को कोविंद ने कानपुर देहात जिले के परौंख गांव (अपनी जन्मस्थली) में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने ऐसा कर दिखाया। राष्ट्रपति ने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को भी श्रद्धांजलि दी और कहा, आज मैं जहां भी पहुंचा हूं, उसका श्रेय इस गांव की मिट्टी, इस क्षेत्र और आपके प्यार एवं आशीर्वाद को जाता है। बुजुर्गों को माता-पिता की तरह सम्मान देना हमारे संस्कार हैं और मुझे खुशी है कि हमारे परिवार में बड़ों को सम्मान देने की यह परंपरा अब भी जारी है। कोविंद ने कहा, मैं कहीं भी रहूं, मेरे गांव की मिट्टी की खुशबू और मेरे गांव के लोगों की यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी। परौंख गांव मेरी मातृभूमि है, जहां से मुझे देश सेवा करने की प्रेरणा मिलती रही है। राष्ट्रपति ने कहा, मातृभूमि से मिली इस प्रेरणा ने मुझे उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय, उच्चतम न्यायालय से राज्य सभा, राज्य सभा से राजभवन और राजभवन से राष्ट्रपति भवन तक पहुंचाया है। राष्ट्रपति कोविंद रविवार सुबह परौंख गांव में अपने जन्म स्थान पहुंचे जहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। कोविंद अपनी पत्नी और बेटी के साथ पथरी देवी मंदिर गए, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ परौंख गांव का दौरा किया। कोविंद परौंख गांव के प्राथमिक स्कूल पहुंचे, जहां उन्हें लोगों को संबोधित किया। राष्ट्रपति 28 और 29 जून को लखनऊ रहेंगे।

## भाजपा विधायक विश्नोई ने मेनका गांधी को बताया निहायत घटिया महिला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में बीजेपी के विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने एक वेटरनरी डॉक्टर पर बीजेपी सांसद मेनका गांधी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए उन्हें घटिया महिला करार दिया। उन्होंने कहा कि वह शर्मिंदा हैं कि मेनका गांधी उनकी पार्टी की सांसद हैं। कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में देशभर में वेटरनरी डॉक्टरों ने बीते बुधवार को सांसद मेनका गांधी के खिलाफ काला दिवस मनाया था। विधायक अजय विश्नोई ने इस मामले में ट्वीट किया, 'विगत दिवस सांसद मेनका गांधी ने पशुचिकित्सक डॉ विकास शर्मा से जिन शब्दों में बात की, उससे वेटरनरी कॉलेज जबलपुर घटिया सिद्ध नहीं हो जाता है, परंतु यह जरूर सिद्ध हो जाता है कि मेनका गांधी निहायत ही घटिया महिला है। मैं शर्मिंदा हूं कि ये मेरी पार्टी की सांसद (नेता नहीं) है। गौरतलब है कि पार्टी के एक वरिष्ठ सांसद के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त करने के तरीके पर अजय विश्नोई के

## मायावती का ऐलान, बसपा अकेले लड़ेगी यूपी और उत्तराखंड विधानसभा चुनाव

**2022 में किसी भी पार्टी के साथ कोई भी गठबन्धन करके नहीं लड़ेगी बीएसपी**



**लखनऊ(ए)।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने 2022 विधानसभा चुनाव को लेकर एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी यूपी में अकेले चुनाव लड़ेगी। मायावती ने रविवार सुबह ट्वीट किया कि मीडिया के एक न्यूज चैनल में कल से यह खबर प्रसारित की जा रही है कि यूपी में आगामी विधानसभा आमचुनाव औवेसी की पार्टी एआईएमआईए तथा बीएसपी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। यह खबर पूर्णतः गलत, भ्रामक व तथ्यहीन है। इसमें रत्तीभर भी सच्चाई नहीं है तथा बीएसपी खण्डन करती है। मायावती ने लिखा वैसे इस सम्बन्ध में पार्टी द्वारा फिर से यह स्पष्ट किया जाता है कि पंजाब को छोड़कर, यूपी व उत्तराखण्ड प्रदेश में 2022 में विधानसभा का यह आमचुनाव बीएसपी किसी भी पार्टी के साथ कोई भी गठबन्धन करके नहीं लड़ेगी। मायावती ने कहा कि बीएसपी के बारे में इस किस्म की मनगढ़न्त व भ्रमित करने वाली खबरों को खास ध्यान में रखकर ही अब बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र मिश्र को बीएसपी मीडिया सेल का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बना दिया गया है।

# कृषि कानून विरोधी अब खत्म करें प्रदर्शन



**केंद्र ने कहा- सरकार वार्ता दोबारा शुरू करने को तैयार**

**नई दिल्ली(ए)।** नए कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के सात माह पूरे होन और आठवे माह में प्रवेश करने के साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदर्शनकारियों से अपील की वे अपना विरोध प्रदर्शन खत्म कर दें। सरकार तीनों नए कानूनों के प्रविधानों पर फिर वार्ता शुरू करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि अब तक किसानों तथा सरकार के बच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो सका है। इसके पहले 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली के दौरान हुई व्यापक हिंसा के बाद से वार्ता नहीं हुई है। हालाकि सुप्रीम कोर्ट भी इन तथा कथित समस्याओं के समाधान के लिए पहल कर चुका है, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ सकी है। तोमर ने ट्वीट कर कहा, मैं आपके (मीडिया) जरिये कहना चाहता हूं कि कृषि कानून विरोधियों को अपना प्रदर्शन खत्म कर देना चाहिए। देशभर में कई इन नए कृषि कानूनों के समर्थन में हैं। अभी भी कुछ को कानूनों के प्रविधानों से कोई समस्या है तो भारत सरकार उनकी बात सुनने और उनके साथ चर्चा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विरोध कर रहे संगठनों के साथ 11 दौर की बातचीत की है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ा दिया है और अधिक मात्रा में खरीद एमएसपी पर की जा रही है। याद दिला दें कि 22 जनवरी को 41 प्रदर्शनकारी समूहों के साथ हुई आखिरी दौर की वार्ता में सरकार ने नए कृषि कानूनों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उसे ठुकरा दिया था। किसान संगठन, तीनों कृषि कानूनों को रद करने की मांग पर अड़े हुए हैं जबकि सरकार का कहना है कि वह जरूरत के अनुसार इसमें सुधार करने के लिए तैयार है। केंद्र सरकार ने कई बार संकेत दिए हैं कि किसान संगठनों को सिर्फ इन कानूनों को रद करने से इतर कानूनी बिंदुओं पर बात करनी चाहिए।

# 10 साल पुराने आटो को परमिट नहीं नए नियम में कई प्रतिबंध लगाए जा रहें

**नए नियम के तहत दस साल से ज्यादा पुराने आटो रिक्शा का संचालन बंद किया जा रहा है**



**भोपाल।** परिवहन विभाग के पास आटो रिक्शा के लिए बनाए जा रहे नए नियमों के तहत आटो चालक व संगठन की आपत्तियां आ चुकी है। इनका निराकरण कर नए नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नए नियम के तहत दस साल से ज्यादा पुराने आटो रिक्शा का संचालन बंद किया जा रहा है। इन्हें न परिमट दिए जाएंगे और फिटनेस की जाएगी। साथ ही आटो की गति नियंत्रण के लिए स्पीड गर्वरन लगाए जाएंगे और ह्वीकल ट्रेकिंग डिवाइस भी लगाना अनिवार्य होगा। ग्वालियर के पुरानी छावनी पर बस व आटो की भिंड़त हो गई थी। इस भिड़ंत में 12 महिला व आटो ड्राइवर सहित 13 मौतें हुई थी। क्षमता से तीन गुना सवारी बैठी थीं। इस पूरी घटना ने प्रदेश को हिला दिया था। इसके बाद परिवहन विभाग नए नियम बनाने जा रहा है। नए नियम के तहत दस साल पुराने आटो रिक्सा को प्रतिबंधित किया जा रहा है। ये डीजल व पेट्रोल से संचालित हैं। नए नियम के तहत जिस रूट पर बस, मिनी बस संचालित होंगी, उस मार्ग पर ऑटो रिक्शा को परमिट जारी नहीं किए जाएंगे। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकारी ई-कार्ट, ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा के संचालन के लिए नगरीय, उपनगरीय और ग्रामीण रूटों सूत्रीयकरण व निर्धारण करने के बाद मार्गो पर परमिट जारी कर सकेंगे। परिवहन कार्यालय में ई-कार्ट, ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा की पंजीयन संख्या भी निर्धारित की जाएगी। आटो रिक्शा विनियमन योजना 2021 के तहत नियम बनाए जा रहे हैं।

**इन नियमों को किया जा सकता है शामिल:** वर्ष में दो बार रेड लाइटी जंप, एक बार तेज गति, खतरनाक तरीके व नशे में से वाहन चलाने चालकों को ऑटो रिक्शा चलाने के कार्य में नहीं लगाया जाएगा। ऑटो रिक्शा में किसी भी तरह का परिवर्तन व साउंड सिस्टम नहीं लगा सकते। उल्लंघन करने पर परमिट निरस्त होगा।

## प्राचीन भारत एक महान समुद्री शक्ति थी, हमें उस पुराने गौरव को फिर से प्राप्त करना होगा: नायडू



**नई दिल्ली(ए)।** उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने भारत को एक अग्रणी समुद्री राष्ट्र बनाने का आह्वान किया और इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में बंदरगाहों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। विशाखापत्तनम में उनके साथ बातचीत के दौरान विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट (वीपीटी) के अध्यक्ष के.राममोहन राव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उप राष्ट्रपति के सामने एक प्रस्तुति दी। उन्होंने उपराष्ट्रपति को बंदरगाह की विस्तार योजनाओं सहित इसकी विभिन्न गतिविधियों के बारे में भी बताया। नायडू ने कहा कि लगभग 7,517 किलोमीटर की तटरेखा और 200 से अधिक बड़े और छोटे बंदरगाहों के साथ, भारत दुनिया की प्रमुख शिपिंग लेन में से एक है और ये बंदरगाह भारतीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह याद करते हुए कि प्राचीन भारत एक महान समुद्री शक्ति थी, उप राष्ट्रपति ने कहा कि ÷चोल और कलिंग राजाओं ने महासागरों पर शासन किया और हमें फिर से ऐसी स्थिति में पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि महत्वाकांक्षी सागरमाला परियोजना के हिस्से के रूप में बंदरगाह के नेतृत्व वाले विकास के अवसरों को खोलने के लिए 504 से अधिक परियोजनाओं की पहचान की गई है और इन पहलों से अवसंरचना में निवेश के रूप में 3.57 लाख करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त होने की उम्मीद है।

# चीन से तनातनी के बीच राजनाथ सिंह जाएंगे लद्दाख



**नई दिल्ली (ए)।** सीमा पर जारी तनाव के बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लद्दाख का दौरा करने वाले हैं। पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कई स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने के अगले चरण को लेकर चीन के साथ जारी गतिरोध के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज यानी रविवार से लद्दाख के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे, जहां वह थल सेना प्रमुख के साथ भारत की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा करेंगे। थल सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे के साथ सिंह का यह दौरा ऐसे वक्त हो रहा है जब दो दिन पहले भारत और चीन के बीच पिछले साल मई से शुरू सैन्य गतिरोध के समाधन के लिए नए दौर की कूटनीतिक वार्ता हुई है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने ट्वीट किया, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार से लद्दाख का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। लद्दाख के अपने दौरे के दौरान वह सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा निर्मित आधारभूत संरचना की कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और क्षेत्र में तैनात जवानों के साथ संवाद करेंगे। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री पूर्वी लद्दाख में ऊंचाई पर स्थित बेस और विभिन्न सैन्य संरचनाओं का जायजा लेने के साथ ही अस्थिर माहौल में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर पहरेदारी कर रहे जवानों का मनोबल बढ़ाएंगे। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री को सेना की 14 वीं कोर के लेह स्थित मुख्यालय में पूर्वी लद्दाख में समग्र स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस कोर को लद्दाख सेक्टर में एलएसी की रक्षा करने का काम सौंपा गया है। एक समझौते के तहत फरवरी में पैंगोंग झील क्षेत्र से भारत और चीन की सेनाओं द्वारा सैनिकों, टैंकों और अन्य साजो-सामान को पीछे हटाने के बाद सिंह का पूर्वी लद्दाख का यह पहला दौरा होगा। हॉट स्प्रिंग, गोगरा और देपसांग समेत टकराव वाले कई स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है क्योंकि चीन इन इलाकों से अपने सैनिकों को पीछे हटाने का इच्छुक नहीं है। सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री कुछ महत्वपूर्ण आधारभूत परियोजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण करने के लिए अग्रिम इलाकों का भी दौरा करेंगे। शुक्रवार को सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की डिजिटल तरीके से बैठक में भारत और चीन गतिरोध वाले शेष स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने के लक्ष्य को पाने के लिए अगले दौर की सैन्य वार्ता करने पर सहमत हुए।

# विजयपुरम गोकुलधाम कॉलोनी के रहवासियों ने मूलभूत समस्याओं को लेकर नगर पालिका सीएमओ से की शिकायत

**शिवपुरी ।** शहर की विजयपुरम गोकुल धाम कॉलोनी के निवासियों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर नगर पालिका सीएमओ गोविन्द भार्गव को ज्ञापन सोपकर अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। गोकुलधाम कॉलोनी में 80 से 100 घर निवासरत है और आवागमन का एकमात्र रास्ता है घरों से निकलने वाला पानी नाली ना होने के कारण एक मात्र रास्ते में भर जाता है। कॉलोनी की एकमात्र सड़क वह भी कच्ची है और नाली भी नहीं बनी है। नगर पालिका में उक्त कॉलोनी की सड़क और नाली की फाईल विगत एक वर्ष से पेंडिंग पड़ी है जो की







मात्र 225 से 250 वर्गमीटर की है। नगरपालिका में कई बार आवेदन दे दिया फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है अत- कॉलोनी मे निवासरत महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा की खातिर अब कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया से भी इस समस्या निराकरण को लेकर गुहार लगाई जाएगी, फिलहाल नगर पालिका सीएमओ को ज्ञापन देने के साथ ही आशा व्यक्त की है कि यहां मूलभूत समस्या जिसमें समस्त कॉलोनी वासियों को यह उम्मीद है कि नपा सीएमओ द्वारा हम कॉलोनी वासियों की मूलभूत समस्या जिसमें सड़क और नाली को सीघ्र पूर्ण करा दिया जाएगा।ज्ञापन सोपने वालों मे मनीष जैन नरवर, डी.पी.शर्मा ( एस बी आई बैंक) राजकुमार, राहुल, सचिन गुप्ता, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, अरविंद गुप्ता, महेश रावत, रवि माटा, बबलू साहनी, रामवीर शर्मा, रामकृष्ण, नवीन गुप्ता, अनिल अवस्थी, चंद्र प्रकाश गर्ग आदि निवासियों ने ज्ञापन सौंपा।

# प्रतिज्ञा नशा मुक्ति केन्द्र ने रोटरी के साथ दिया पैगाम एक कदम जीवन की ओर

**शिवपुरी।** अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर रोटरी क्लब शिवपुरी ने प्रतिज्ञा नशा मुक्ति केंद्र के सहायतार्थ 26 जून को होटल सोनचिरैया में शिवपुरी शहर में वर्तमान स्थती में युवाओं में ब? रहे इस स्मेक ओर अन्य तरह के जहर रूपी नशों से दूर रहने के लिये÷एक कदम जीवन की ओर÷कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल व विशिष्ट अतिथि एस.डी.एम अरविंद बाजपेयी एस. डी.ओ.पी.प्रदीप तोमर की उपस्थिति में आयोजित किया।

रोटरी क्लब अध्यक्ष अमिताभ त्रिवेदी व सचिव विकास अग्रवाल ने बताया की शहर में प्रतिज्ञा नशा मुक्ति केंद्र के द्वारा इस भयानक नशे की ग्रफ्त में आये लोगों को छुटकारा दिलाने का काम बहुत ही संवदेनशीलता के साथ किया जाता है,इसके लिये संचालक आदित्य सिंह तोमर व राहुल यादव को सराहा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल ने भी शहर को इस खतरनाक नशे के चंगुल से बचाने की बात कही उन्होंने कहा कि अभी अभी एक माह में ही पुलिस के द्वारा स्मैक की ब?ी ब?ी खेप जिले में पक?ी गयी है और इसमें युवा एस. डी.ओ.पी.प्रदीप तोमर का विशेष योगदान रहा है आप ने लोगों को भी पुलिस का सहयोग करते हुए,अपने आस पास में होने वाली ऐसी गतिविधियों को नजरअंदाज न कर उन की जानकारी पुलिस को देनी चाहिये। एस. डी.एम. अरविंद बाजपेयी ने भी इस संस्था का निरीक्षण कर सभी तरह से सहायता करने की बात की,रोटरी अध्यक्ष अमिताभ त्रिवेदी ने सभी उपस्थित जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.संजय ऋषिश्वर, डॉ.दिनेश अग्रवाल,डॉ. रितेश यादव,डॉ. चंद्रेशेखर,डॉ. अलका त्रिवेदी,रोटे.डॉ. सुशील वर्मा,रोटे.डॉ.ओ.पी.शर्मा,रोटे.डॉ.अमित गुप्ता,एस.डी.ओ.पी.प्रदीप तोमर व उपस्थित पत्रकार बंधुओ का आभार जताया। इस मौके पर उन सभी युवाओं का हौसला ब?ाया जो इस नशे से बाहर आ कर एक स्वस्थ जीवन जी रहे है। रोटरी अध्यक्ष अमिताभ त्रिवेदी ने अपने ही एक कर्मचारी का उदहारण देकर बताया कि,कैसे उसे नशा मुक्ति केंद्र तक पहुँचाया ,साथ ही कैसे उसके परिवार जन को समझाया और 3 माह बाद वो आज वापस अपना सकुशल कार्य कर रहा है।अंत मे सभी उपस्थित लोगों का आभार जताया।

# होटल पीएस रेजीडेंसी में करोना फाइटर समाजसेवी पत्रकार संजीव बांजल जी का हुआ सम्मान



शिवपुरी राहुल जैन रुद्र। रविवार को होटल पीएस रेजीडेंसी में कोरोना फाइटर एवं भास्कर समाचार पत्र ब्यूरो चीफ एवं समाजसेवी आदरणीय संजीव जी बांजल के जन्म दिवस के अवसर पर कोरोना में जन जागृति कर सेवाएं उपलब्ध कराने पर उनको पुष्प हार पहनाकर उपहार स्वरूप श्रीफल और कलम उन्हें भेंट की जिसमें मुख्य रुप से पी.एस होटल के संचालक पवन जैन अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक प्रदेश कार्य समिति के आमंत्रित सदस्य हरवीर सिंह रघुवंशी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य आदरणीय विजय शर्मा संजय सांखला योगेंद्र यादव दीपक गोयल हरिओम राठौर आकाश शर्मा पवन शिवहरे कपिल भार्गव रविंद्र गोयल इस्माइल खान उपस्थित रहे।

# राजस्थान से शराब लाकर शिवपुरी में बैच रहे दो आरोपी, गिरफ्तार



शिवपुरी। जिला आबकारी विभाग की टीम द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब का विक्रय करने वाले अंतर्राजीय दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं साथ ही उनके कब्जे से अवैध शराब सहित एक मोटर साईकिल भी जप्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जानकारी के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी वीरेन्द्र सिंह धाकड़ के निर्देशन में वृत्त कोलारस प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक तीर्थराज भारद्वाज द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के अन्तर्राजीय तस्कर हरेन्द्र राजपूत एवं अजीत राजावत को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की गई उन्होंने बताया कि हम यह अवैध शराब राजस्थान से लेकर आते हैं उसका विक्रय करते हैं। राजस्थान की लगभग 7 पेटी शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) का प्रकरण कायम किया। इसी के साथ एक अन्य मामले में एक अन्य आरोपी को जहरीली शराब ले जाते हुए मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 49 क का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । मुख्य आरक्षक अखयराज, मोहन लाल, राजेन्द्र कौरव, आरक्षक काशीराम, सतीश गिर्राज, नगर सैनिक हनुमंत, गोविंद, लक्ष्मण, हरीश आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कोविड वैक्सीनेशन महा-अभियान के अंतर्गत आज शिवपुरी में इन टीकाकरण स्थल पर कोविड-19 का टीका लगाया जावेगा




1. प्राथमिक विद्यालय, नोहरीखुर्द शिवपुरी
2. वार्ड-04 मध्?यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला शिवुपरी
3. शासकीय कन्?या उ.मा. विद्यालय, कोर्ट रोड शिवपुरी
4. वार्ड-11 गुरुद्वारा, एसबीआई बैंक के सामने शिवपुरी
5. वार्ड-11 प्रेमबिला, विष्?णु मंदिर के सामने पुरानी शिवपुरी
6. वार्ड-13 सिद्धिविनायक ट्रेडिंग कंपनी महिन्?द्रा ट्रेक्?टर एजेंसी, किरार छात्रावास के पास मनियर शिवपुरी
7. वार्ड-13 बसंती देवी कुशवाह मार्केट, न्?यू बस स्?टेण्?ड शिवपुरी
8. वार्ड-15 शासकीय प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, एसपीएस रोड शिवपुरी
9. वार्ड-15 बीनू सेंगर की आंगनबाडी, लालमाटी फतेहपुर रोड शिवपुरी
10. वार्ड-16 प्राथमिक विद्यालय पानी की टंकी बडौदी, एबी रोड शिवपुरी
11. वार्ड-16 माध्?यमिक विद्यालय मदकपुरा, शिवपुरी
12. वार्ड-17 गांधी पेट्रोल पंप, झांसी तिराह शिवपुरी
13. एकीकृत विद्यालय, राठौर समाज मन्दिर पुरानी शिवपुरी
14. वार्ड-25 माध्यमिक विद्यालय, पीएसक्?यू लाइन, मामा का मंदिर शिवपुरी
15. वार्ड-26 राधारमण मंदिर, बडा बाजार, पुरानी शिवपुरी
16. वार्ड-35 गायत्री मंदिर, फिजीकल रोड शिवपुरी
17. ओम शांति गुरु आश्रम देवकी धाम, ठकुरापुरा शिवपुरी

### संकल्प समिति ने किया पौधा रोपण



अशोक नगरङ्घजिले के ईसाग? में युवा संकल्प समिति ने वार्ड क्रमांक 12 में ईसाग? के सदस्यों द्वारा शीशम का पे? लगाया गया और वार्ड वासियों को भी पे? लगाने के लिये कह कर पे? की उपयोगिता के बारे में बताया गया गौरव राजपूत ने बताया की इस समय कोरोना जैसी महामारी चल रही है कई लोग ऑक्सीज कमी की बजह से अपनी जान दे चुके है। ऐसी विगत परिस्थितियों में इसकी महत्वता के बारे में लॉगो को जागरूक किया एव वार्ड में शत प्रतिशत वैक्सीनशन हो इस बारे में सभी को समझाहिस भी दी और बताया गया को लोगों में जो वैक्सीनशन के प्रति भृम है भृमित न हो कर वैक्सीनशन कराए ये शपत नगर वासियों को दिलाई गई जिसमे उपस्थित गौरव राजपूत लोकेश भार्गव गोविंदा सेन दीपक साहू बालेन्द्र व्यास

# पंचायतों में बिना जीएसटी बिल पर हो रहा भुगतान, ऐप पर डाल रहे अपठनीय कॉपी

### मस्टर रोल,व्हाउचर व लोहा, सीमेन्ट, सरिया की खरीदी के बिल डाल रहे अपठनीय

### पारदर्शिता के नाम पर पंच परमेश्वर ऐप पर डाल रहे जीएसटी के बजाए व्हाउचर बिल शिवपुरी जनपद की ग्राम पंचायत सिरसौद में ज्यादा गड़बड़ी

**शिवपुरी** जनपद पंचायत शिवपुरी की ग्राम पंचायत सिरसौद में विभिन्न मदों से हो रहे निर्माण कार्यो में लगाए जा रहे बिलों में जमकर धांधली हो रही है। बिना जीएसटी नबंर के बिल लगाए जा रहे हैं, हैरानी की बात ये है कि अधिकारी भी बिना जीएसटी नबंर वाले बिलों को पास कर भुगतान भी कर दे रहे हैं। अधिकांश पंचायते जीएसटी बिल के बजाए बाउचर जमा कर भुगतान करा ले रहे है। ऐसे में भुगतान पर मुहर लगाने वाले अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। इतना ही नहीं, पंच परमेश्वर ऐप पर ग्राम पंचायत सिरसौद सहित कई ग्राम पंचायतों द्वारा निर्माण कार्य के डाले गए बिल की कॉपी या तो ब्लर करके डाली जा रही है, जो अपठनीय होती है या बिना जीएसटी नबंर वाले सधारण बिल ही जीएसटी बिल के नाम पर ऑनलाइन भी किए जा रहे हैं।या बिल कि जगह व्यय व्हाउचर डाले जा रहे है। मस्टर रोल भी ऐसे डाले जा रहे हैं, तो पढ़े न जा सके। पारदर्शिता के लिए सही बिल की कॉपी ऑनलाइन करने का प्रावधान है, लेकिन पारदर्शिता के सिस्टम को ही शिवपुरी जनपद की पंचायते पलीता लगा रही हैं।

### सीमेंट, लोहा खरीद में भी व्यय व्हाउचर या बिना जीएसटी के बिल

ग्राम पंचायतों में केन्द्र सरकार की योजनाओं, राज्य सरकार की योजनाओं, राज्य सरकार की समाज कल्याण की योजनाओं, राज्य वित्त आयोग की अनुंशसा पर, सांसद निधि, विधायक निधि, अन्य शासकीय विभागों, गैर सरकारी संस्थाओं,जिला पंचायत से विभिन्न योजनाओं व जनपद पंचायत की विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माण कार्य कराए जाते हैं। योजनाओं के तहत सीसी रोड, पक्की नाली, स्कूल भवन, छात्रावास, लाइब्रेरी, स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक भवन, शासकीय भवन, प्रशिक्षण केन्द्र, भवन व अन्य संरचनाओं के निर्माण कराए जाते हैं। इनके लिए खरीदे गए सीमेंट, लोहा व अन्य सामग्री के बिल लगाए जाते हैं। लेकिन ज्यादातर बिल जीएसटी के बिना ही लगाए और पास किए जा रहे हैं। इस से भी ज्यादा हैरान करने वाला मामला सिरसौद ग्राम पंचायत का है इस ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा बिल कि जगह व्यय व्हाउचर डाले गये है जोकि शासन के नियमों के विपरीत है जोकि जांच का विषय है।लगा रहे बिल की अपठनीय कॉपी पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण कार्यो में पारदर्शिता लाने के लिए पंच परमेश्वर ऐप पर पंचायतों को मिलने वाली राशि मद वार और खर्च होने पर बिल की कॉपी डाली जाती है। लेकिन शिवपुरी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ज्यादातर पंचायतों में ऐप पर डाले गए बिल में जीएसटी नबंर नहीं है। ज्यादातर भुगतान बाउचर पर किए गए हैं। इसके साथ ही बिल की कॉपी ब्लर कर ऐप पर डाली गई है, ताकि बिल अपठनीय रहे। ऐसे में पारदर्शिता केवल दिखावा के लिए रह गई है।










### इस तरह की गड़बडियां

जनपद पंचायत शिवपुरी की ज्यादातर पंचायतों में लगाए गए बिल सही नहीं है, सिरसौद पंचायत में 14वां वित्त के तहत सीसी रपटा हरिजन बस्ती में बनाया गया है, इसमें बिल कि जगह व्हाउच लगाए गए हैं, जो पढने़ में ही नहीं आ रहे हैं। इसी तरह सीसी रोड नाली निर्माण में भी बिल कि जगह व्हाउचर डाले गये है इसी तरह ज्यादातर व्हाउच बिल डाले गए है। जिससे शासन की टैक्स की चोरी की गई है और वहीं जांच होने पर इससे भी बड़े बड़े कृत्यों का खुलासा हो सकेगा।

## कृष्णपुरम की ऋतु गुप्ता ने अपने कमरे में फांसी लगा ली, कुछ दिनों बाद शादी होना थी

शिवपुरी। खबर शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र के कृष्णपुरम कॉलोनी की है। जहां निवासरत एक 27 वर्षीय युवती ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले की सूचना परिजनों ने सिटी कोतवाली को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।जानकारी के अनुसार ऋतु पत्नि ओमप्रकाश गुप्ता उम्र 27 साल निवासी कृष्णपुरम के पिता ओमप्रकाश गुप्ता को पहले ही निधन हो गया था। जिसके चलते ऋतु अपनी मां के साथ रहती थी। आज अज्ञात कारणों के चलते युवती ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। बताया गया है कि उस समय युवती की मां घर पर ही थी। परंतु ऋतु अपने कमरे में थी। बताया यह भी गया है कि युवती का अभी हाल ही में संबंध तय हुआ था। उसके बाद से घर में शादी की तैयारीयां भी प्रारंभ हो गई थी। कुछ दिनों बाद उसकी शादी होना थी। परंतु उससे पहले ही उसने यह कदम उठा लिया। बताया यह भी जा रहा है कि युवती ने मरने से पहले सुसाईड नोट भी छोडा है तो पुलिस को मिल गया है। पुलिस इस सुसाईड नोट के आधार पर मामले की छानवीन में जुट गई है।

# हमे राजनीति से जनसेवा करना खिखाया हैं हमारे महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया साहब ने इसलिए नायक हैं: हमारे विजय शर्मा

**शिवपुरी।** हमे राजनीति नही जनसेवा करना सिखाया हैं हमारे महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया साहब ने इस लिए हमारे नायक हैं सिंधिया हम उनके बताए गए रास्ते पर चलना ही हमारा धम्र हैं। स्वयं महाराज नही उनके परिवार का धर्म ही जनसेवा करना हैं,और हमे यह कहने की आवश्यकता नही हैं,सिंधिया परिवार की जनसेवा के धर्म के विषय में मप्र और देश का हर व्यक्ति जनता है।

यह कहना भाजपा में सिंधिया के साथ आए मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिब और शिवपुरी जिले के युवक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शर्मा जी का। आज विशेष बातचीत में अपने नेता सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के विषय ओर अपने राजनीतिक सफर के विषय में चर्चा करते हुए कही। विजय शर्मा की गिनती सिंधिया के नजदीकी नेताओ में होती हैं। विजय शर्मा ने सिंधिया के कारवा के साथ भाजपा की सदस्यता ली हैं। विजय शर्मा हाल में ही मप्र की भाजपा की कार्यकारिणी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने हैं,यह उदाहरण है की वह सिंधिया के कितने नजदीकी है। विजय शर्मा का कहना है कि मैने 87 से राजनीति शुरू की थी,जब हम छात्र राजनीति करते थे। शिवपुरी कॉलेज में जब बडे महाराज कॉलेज आए थे उनके साथ ही युवराज ज्योतिरादित्य सिंधिया आए थे मैं जब से ही ज्योतिरादित्य सिंधिया से प्रभावित हो गया था। जब ज्योतिरादित्य सिंधिया सांसद बने जब से ही में सांसद प्रतिनिधि रहा और सबसे खास बात यह है कि महाराज ने अपने



राजनितिक कैरियर की पहली नियुक्ति मेरी कराई जब मुझे उनकी ही आर्शीवाद से युवक कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया गया था। सिंधिया परिवार के सेवा भाव के कारण ही मैं महाराज के प्रति आकृषित हुआ हूं। महाराज ने शिवपुरी का विकास किया हैं जिले मे चाहे मडीखेडा डेम योजना,सीवर प्रोजेक्ट,गांवो में राजीव गांधी विधुतीकरण योजना,मेडिकल कॉलेज सहित तमाम कॉलेज महाराज की देन हैं आने वाले समय में शिवपुरी इन कॉलेजो के कारण शिक्षा का हब बनेगा। कांग्रेस छोडकर भाजपा की सदस्यता लेने के बाद भाजपा के नेताओ के तालमेल के विषय में विजय शर्मा ने कहा ऐसा नही है महाराज के निर्णय के बाद जैसे ही टीम सिंधिया ने भाजपा की सदस्यता ली,सबसे पहले शिवपुरी जिलाध्यक्ष राजू बाथम का मेरे पास फोन आया और बधाई दी,वही भाजपा पार्टी का कोई भी कार्यक्रम होता हैं संगठन के प्रोटोकॉल के हिसाब से हमारी भूमिका तय होती है। भाजपा संगठन में मूल भाजपाईयो से अधिक टीम सिंधिया के लोगो को पद मिलने के विषय में कहा कि ऐसा नही हैं जिनको भी भाजपा ने पद दिया हैं वह कांग्रेस के पदाधिकारी है उसी हिसाब से भाजपा ने उनका सम्मान करते हुए पद दिया है। टीम सिंधिया को पद की कोई लालसा नही हैं,हम हमारे नेता के मूल मंत्र सेवा पर चलते हैं कोरोना काल में रात के 2 वजे तक जगकर महाराज साहव अंचल में ही नही देश के हर कोने में मदत करते थे होटल पीएस

# मामला न्यायालय में: मंडी की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य

## नोटिस के बाद भी चावला ने कराया निर्माण कार्य आरंभ



मुरैना। नाला नंबर 1 माधौपुरा की पुलिया पर कृषि उपज मंडी की जमीन का मामला न्यायालय में चल रहा है और निगम द्वारा नोटिस भी जारी किया जा चुका है कि कोई निर्माण नहीं किया जाए, बावजूद इसके सुनील चावला व केशव प्रजापति द्वारा निर्माण कार्य आरंभ करा दिया गया है, जो माननीय न्यायालय के आदेश की अवहेलना के साथ-साथ नगर निगम के मुंह पर करारा तमाचा है। निगम प्रशासन एवं मंडी प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के कारण भूमाफिया द्वारा सरकारी जमीनों पर भारी अतिक्रमण किया गया है, लेकिन राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा तथा बेशकीमती जमीन लोगों ने हड़प कर ली है और व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार मुरैना शहर में कृषि उपज मंडी प्रशासन की तमाम हेक्टेयर भूमि पड़ी हुई है तथा वर्षों पूर्व मंडी के कर्ता-धर्ताओं ने अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए मंडी की बेशकीमती जमीनों को मामूली राशि जमा कर रसीदें काट दी थी, जिसके बलबूते पर लोगों ने स्थाई निर्माण कर लिए, जबकि देखा जाए तो बिना रजिस्ट्री के जमीन किसी के नाम नहीं हो सकती। नाला नंबर 1 पर बायपास मार्ग निकल रहा है और उक्त मंडी की जमीन पर पहले से ही स्थाई अतिक्रमण है, जिनको लेकर मंडी प्रशासन द्वारा मामला न्यायालय में ले जाया गया और वहां विचाराधीन है। इधर नगर निगम प्रशासन द्वारा दिसंबर 2020 में नाला नंबर 1 पर बने मकान एवं प्लॉट के मालिकों को नोटिस जारी कर निर्माण ना करने को कहा गया है, परंतु इसके बावजूद लोगों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण किए जा रहे हैं। रविवार को माधौपुरा की पुलिया पर सुनील चावला व केशव प्रजापति के द्वारा नोटिस के बावजूद निर्माण कार्य आरंभ करा दिया गया है, जिसको लेकर जागरूक लोगों द्वारा इसकी शिकायतें उच्च अधिकारियों को भेजी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि इसी प्रकार जीवाजी गंज मैं भी मंडी की जमीन पर स्थाई निर्माण लोगों द्वारा किए गए हैं। मंडी प्रशासन द्वारा बरसों पुर्व यहां गल्ला मंडी लगने के कारण लोगों को राशि जमा कराकर फड़ के लिए जगह दी गई थी। वह जमीन आज के हिसाब से काफी महंगी है और लोगों द्वारा स्थाई निर्माण करा कर व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है तथा धीरे-धीरे अतिक्रमण आगे बढ़ते जा रहे है। इस ओर भी जिला प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है, जिससे शहर की सड़कें सकरी होती जा रही है और आवागमन प्रभावित हो रहा है। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन मंडी की जमीन की जांच कराए तो अरबों रुपए की मंडी की जमीन लोगों के कब्जे से बाहर आ सकती है।

### निर्माण की नहीं है अनुमति

नाला नंबर 1 माधोपुरा की पुलिया मंगल वाटिका के सामने और दिल्ली गार्डन के बगल से सुनील चावला एवं केशव प्रजापति द्वारा सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण किया जा रहा है, जबकि निगम द्वारा इन लोगों को कई बार नोटिस दिए जा चुके हैं।

# दक्षिण मण्डल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से की मन की बात



मुरैना। मुरैना शहर के भाजपा दक्षिण मण्डल अध्यक्ष सोनू शर्मा द्वारा कार्यक्रम मन की बात सुनने का कार्यक्रम पूर्व विधायक रघुराज कंषाना के कार्यालय पर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड-दतिया सांसद संध्या राय, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता, पूर्व विधायक रघुराज कंषाना एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रामनरेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मन की बात में कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देश वासियों को संबोधित करते हुए कोरोना टीकाकरण, टोक्यो ओलम्पिक और मानसून समेत कई विषयों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने बैक्सीनेशन पर जोर देते हुए कहा कि कोरोना के खिलाफ हमारी लडाई जारी है। देश में एक दिन में 86 लाख मुफ्त बैक्सीन लगवा कर इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि कोरोना में आपने जिस सामर्थ्य और सूझबुझ का परिचय दिया है वह सराहनीय है। आज हम लाखों लोगों को मेड इन इंडिया बैक्सीन मुफ्त लगा रहे हैं, यही नए भारत की ताकत है। मन की बात में प्रधानमंत्री ने मिल्खा सिंह को भी याद किया। दक्षिण मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेंअनेकों भजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मंडल पश्चिम के कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम से मन की बात**

मुरैना। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश वासियों से मन की बात संवाद किया। मन की बात का यह कार्यक्रम पश्चिम मंडल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना में आयोजित हुआ।

# भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस मना कर कायस्थ समाज के लोगों ने की विश्व से कोरोनावायरस समाप्ति की कामना



अम्बाह। गांव बड़फरा में 27 जून रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में चित्रांश समाज द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस धार्मिक माहौल में मनाया गया इस अवसर पर उपस्थित कायस्थ समाज के लोगो द्वारा अपने इष्टदेव भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर विधि विधान के साथ यज्ञ हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर समाज के सभी लोगों ने हवन में पूर्ण आहुति देकर भगवान श्री चित्रगुप्त से जगत कल्याण एवं विश्व से कोरोना समाप्ति की कामना की इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी नत्थी लाल भटनागर ने कहा कि भगवान ब्रह्मा जी ने सृष्टि व जीव जंतुओं की उत्पत्ति करने के पश्चात अपने ज्येष्ठ पुत्र को जगत का कार्यभार सौंप कर दस हजार दस सौ वर्ष की समाधि ले ली थी इतने समय बाद जब उनकी तंद्रा टूटी तो उन्होंने अपने समक्ष हाथ में कलम दवात लिए एक तेजस्वी दिव्य पुरूष को देखा तब ब्रह्मा जी ने उनसे पूछा कि आप कौन है तब दिव्य पुरुष ने बताया कि मेरी उत्पत्ति आपके शरीर से समाधि के दौरान हुई है। आप ही नामकरण करें तब ब्रह्मा जी ने उनका नाम चित्रगुप्त रखते हुए उन्हें लोगों के भाग्य व कर्मों का लेखा-जोखा रखने के लिए यमराज के दरबार में प्रतिनियुक्त करवा दिया। भगवान चित्रगुप्त से जिन लोगों की उत्पत्ति हुई उन्हें कायस्थ जाति की संज्ञा मिली है इस अवसर पर बोलते हुए नूतन श्रीवास्तव ने कहा कि हमें अपने समाज के विकास के लिए एकजुट होना होगा तभी हमारा विकास हर स्तर से संभव है इस अवसर पर मंदिर परिसर में सफाई अभियान भी चलाया गया कार्यक्रम का समापन भगवान श्री चित्रगुप्त की महाआरती के साथ हुआ इस अवसर पर नत्थी लाल भटनागर,राकेश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, रामेश्वर दयाल भटनागर, कुलदीप भटनागर,नूतन श्रीवास्तव,गोलू श्रीवास्तव, सुभाष भटनागर, अशोक भटनागर, अशोक श्रीवास्तव, हरिशंकर भटनागर, बनवारीलाल भटनागर, दीपेश भटनागर, अनिल भटनागर,शिवा श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, अमित भटनागर,नवीन भटनागर, हिमांशु भटनागर, शैलेंद्र सक्सेना सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# राशन न देने की शिकायत मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर की लोगों का आरोप ग्राम पंचायत वरेह के अनेक लोगो को नही मिल रहा राशन

अम्बाह। कोरोना काल में सरकार ने गरीब पर को राहत पहुंचाने के उद्देश्य पांच माह का राशन दिया था लेकिन उक्त राशन वरेह गांव के अनेक लोगो को नही मिला है राशन न मिलने की शिकायत ग्राम पंचायत वरेह के लोगों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन भेजकर एवं दिमनी विधायक रविंद्र सिंह तोमर को ज्ञापन देकर की है ज्ञापन में कहा गया है कि हमारी ग्राम पंचायत की शाशकीय उचित मूल्य की दुकान क्रमांक 20 20 34 हाथी का पुरा पर सरकार ने 3 माह का राशन भेजा था उस में से मात्र एक माह का राशन वितरित किया गया है जबकि पोर्टल पर 3 माह का राशन वितरित होना दर्शाया गया है इसके साथ ही जो दो माह का और राशन दिया गया था वह भी एक माह का वितरित किया गया है जबकि पोर्टल पर दो माह का राशन वितरण होना दर्शाया गया है जिसकी शिकायत हम ने एसडीएम अंबाह और फूड इंस्पेक्टर से की लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई ज्ञापन में मांग की गई है कि हम गरीब लोगों को राशन दिलबाया जाए, ज्ञापन में यह भी कहा गया कि अंत्योदय कार्ड की शक्कर आज तक नहीं बांटी गई, मार्च से आज तक केरोसिन भी नही दिया गया है फ्री में जो 5 माह का राशन आया उसमें से भी दो माह का बाटा गया है जबकि पोर्टल पर पांच माह का वितरण होना बताया है इसलिए स्टॉक की जांच की जाए, रात में राशन के कोटे को बेच दिया जाता है इसकी जांच की जाए इसके साथ ही दुकान पर भाव सूची लगाई जाए जिससे दुकान पर जनता को असुविधा ना हो।

# हितग्राहियों को थैले में दिया जाएगा नि:शुल्क उचित मूल्य राशन

**प्रदेश के 4 करोड़ 81 लाख व्यक्ति होंगे लाभान्वित, मुख्यमंत्री श्री चैहान ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना संबंधी बैठक ली**

मुरैना। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से आगामी नवम्बर माह तक प्रदेश के सभी सार्वजनिक वितरण प्रणाली हितग्राहियों को निशुल्क राशन दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश सरकार एक रूपए किलो उचित मूल्य राशन भी प्रदान करेगी। हितग्राही परिवार के प्रत्येक सदस्य को 5 किलो निःशुल्क राशन और 5 किलो राशन एक रूपए किलो के मूल्य पर मिलेगा। यह राशन हितग्राहियों को 10 किलो के थैले में दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चैहान ने कहा कि योजना के माध्यम से प्रदेश के 4 करो? 81 लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे। उन्होंने योजना के समुचित क्रियान्वयन के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री श्री चैहान आज मंत्रालय में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना संबंधी बैठक ले रहे थे। बैठक में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद सिंह भदौरिया, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, प्रमुख सचिव कृषि श्री अजीत केसरी आदि उपस्थित थे।

### हर माह प्रति सदस्य 10 किलो खाद्यान्न

मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत प्रतिमाह प्रति व्यक्ति 5 किलो खाद्यान्न गेहूँ/चावल एक रूपए किलो में प्रदान किए जाते हैं। साथ ही एक किलो नमक और एक किलो उचित मूल्य शक्कर भी दी जाती हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में नवम्बर तक प्रति सदस्य 5 किलो निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान किया जाएगा। इस प्रकार नवम्बर तक हर माह प्रति सदस्य 10 किलो खाद्यान्न दिया जाएगा।

### 25 हजार उचित मूल्य दुकानें, एक करो? 13 लाख पात्र परिवार

प्रदेश में कुल 25 हजार 423 उचित मूल्य दुकानें हैं, एक करो? 13 लाख पात्र परिवार हैं और 4 करो? 81 लाख हितग्राही हैं। खाद्यान्न का मासिक आवंटन 2 लाख 62 हजार मीट्रिक टन, शक्कर का मासिक आवंटन 1450 मी.टन और नमक का मासिक आवंटन 11 हजार 326 मी.टन है।

### अन्न महोत्सव आयोजित होगा

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत शीघ्र ही प्रदेश की हर उचित मूल्य दुकान पर अन्न महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दिन हितग्राहियों को समारोहपूर्वक थैले में रखकर निरूशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा।

## वन-टू-वन

### भीषण गर्मी में जन मानस को राहत पहुँचाने शरबत वितरित किया

अम्बाह। नगर में इन दिनों लंबे समय से बारिश ना होने के कारण भीषण गर्मी का प्रकोप है कोरोना के चलते नगर पालिका और उसके आसपास प्याऊ की व्यवस्था भी इस वक्त नहीं की गई है रविवार को भीषण गर्मी के मौसम में जैन समाज के युवा समाजसेवी संजय जैन हंडा एवं उनके साथियों द्वारा नगर पालिका चौराहे पर शीतल शर्बत का निशुल्क वितरण किया गया शर्बत का यह वितरण लगातार 4 घंटे तक चला इस दौरान आम आदमी जो सड़क से गुजर रहे थे उनको गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत के साथ साथ ठंडा पानी भी पिलाया।

### शनिचरी अमावस्या पर मेला आयोजन के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आज

मुरैना। शनिचरी अमावस्या के संबंध में विस्तार से चर्चा करने हेतु जिला क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक 28 जून को 2.45 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में 10 जुलाई को शनिचरी अमावस्या पर मेला आयोजन संबंधी निर्णय लेने पर केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक आयोजित की गई है। बैठक में गूगल मीट के माध्यम से जिले के प्रभारी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करेंगे। बैठक में समस्त सदस्यगणों से अपील की गई है कि गूगल मीट के माध्यम से बैठक मे सम्मिलित हों।

### सांसद संध्या राय ने भाजपा के दिवंगत परिजनों को दी श्रद्धांजलि



मुरैना। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के परिजनों के निधन के बाद रविवार को शोक संवेदना प्रकट करने के लिए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड-दतिया सांसद संध्या राय, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता के साथ बरिष्ठ नेता अशोक यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र तिवारी, केदार सिंह यादव मुरैना के प्रतिष्ठित व्यापारी रमेश गर्ग, जिला कार्यालय मंत्री राजेश सिकरवार एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हमीर पटेल के घर पहुंचे एवं उनसे मिल कर शोक संवेदना जताते हुए दिवंगत को श्रंद्धाजलि दी, इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री कमलेश कुशवाह, जिला मंत्री सोनू परमार एवं अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# प्रतिवर्ष 8 फुट नीचे जा रहा है जल स्तर- 200 फुट तक पहुंचा शहर का जलस्तर

### 350 फुट के बाद पत्थर की परत-आने वाले समय में पेयजल लिए होना पड़ सकता है परेशान

### पेयजल की बर्बादी को रोकने के लिए नगर पालिका और प्रशासन गंभीर नहीं

अम्बाह। शहरी इलाके में ध?ल्ले से हो रही पेयजल की बर्बादी और परंपरागत स्त्रोतों पर कम हो रही लोगों की निर्भरता के चलते भूमिगत जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। इससे आने वाले समय में शहरी इलाके में पानी की गंभीर समस्या पैदा हो सकती है।

ज्ञात रहे कि वर्ष 2006 में यानी आज से 15 वर्ष पहले तक जमीन के अंदर से पीने लायक पानी 80 से लेकर 100 फुट की गहराई तक मिल जाता था, लेकिन अब स्थिति काफी गंभीर हो चली है। अगर आपको सिचाई या अन्य कार्यों के लिए पानी इस्तेमाल करना है तो जमीन की खुदाई 180 फुट से ज्यादा करनी प?ती है वही अगर पीने लायक पानी प्राप्त करना है तो 200फुट तक जमीन को खोदना पड़ रहा है अगर इस हिसाब से देखा जाए तो प्रतिवर्ष लगभग 8 फुट नीचे जल स्तर जा रहा है जिससे आने वाले समय में पानी की बड़ी समस्या पैदा हो सकती है इसके बावजूद भी इलाके में पेयजल की धड़ल्ले से बर्बादी की जा रही है शहर में लगे लगभग दो दर्जन पंप हाउसों से जरिये घंटों तक पानी की सप्लाई दी जा रही है इन पंप हाउसों को चालू एवं बंद करने का समय भी निर्धारित नहीं है नतीजा लगातार पानी की सप्लाई देने से भूजल स्तर कम होता जा रहा है इसी तरह हेड पंपों में भी मोटर डालकर पानी का दोहन किया जा रहा है आंकड़े के हिसाब से देखा जाये तो वर्ष 2006 में बोर में जहां 10 पाइप डाले जाते थे वहां अब 18 पाइप डाले जा रहे हैं इसके बावजूद भी पानी की बचत को लेकर आम जनता सहित नगरपालिका गंभीर नहीं है -बॉक्स- इसी जल स्तर कम हुआ तो 15 साल का पानी ही शहर में शेष- नगरपालिका के उपयंत्री केके दीक्षित के अनुसार शहरी क्षेत्र में प्रथम परत का भूजल स्तर 350 फीट तक है अगर इसी तरह से जल स्तर घटता रहा तो आने वाले समय यानी 15 वर्ष में यह पानी खत्म हो जाएगा इसके बाद 350 फुट जमीन के नीचे जो पत्थर की परत है उस परत की खुदाई करने के बाद पता चल पाएगा की पथरीली जमीन के बाद पानी कितने नीचे है वर्तमान में बोर कर रही मशीनें 350 फुट तक जलस्तर पहुंचने के बाद बोर नहीं कर पायेगी क्यो की इन मशीनो की ताकत पत्थर की परत काटने की नहीं है उसके लिए अलग से ही मशीन मंगाई जाएंगी ऐसी स्थिति में पानी का संरक्षण करना बहुत जरूरी है अन्यथा बड़ी परेशानी 15 वर्ष बाद खड़ी हो सकती है



### अवैध कनेक्शन व लगातार खुद रहे निजी बोर भी गिरते जल स्तर का कारण

वर्तमान में शहर में लगभग चार हजार से ज्यादा पेयजल कनेक्शन वैध है वही इतने ही कनेक्शन अवैध है ज्यादातर लोग नलो के जरिये पशुओं को नहलाने और वाहनों को धोने तक का कार्य कर रहे हैं ज्यादातर स्थानों पर नलों में टोटियां न होने के कारण लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है जगह-जगह खुले पानी के प्लांट भी जल स्तर को कम करने का कार्य कर रहे हैं उपयंत्री नगरपालिका के के दीक्षित का कहना है कि लोगों की लापरवाही और नासमझी के कारण पानी की बर्बादी ज्यादा हो रही है जल्द ही पानी को व्यर्थ बहाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जाएगी

ज्ञात रहे कि इलाके में प्राकृतिक व परांपरागत साधनों से पेयजल की सप्लाई न के बराबर रह गई है। नहरी पानी के अलावा ट्यूबवेलों और सबमर्सिबल पंपों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। सबमर्सिबल पंपों के जरिये पानी सप्लाई वाले क्षेत्र में बर्बादी ज्यादा है जिससे भू जल स्तर बहुत तेजी से गिरा है देखा जाए तो शहर में लगभग दो से तीन घण्टे रोजाना नलो के जरिये पानी सप्लाई दी जा रही है, लेकिन बर्बादी के कारण यह पानी शहर के ऊंचाई वाले क्षेत्र में फिर भी पानी नहीं पहुंच पा रहा। इस कारण विभाग को निर्धारित से करीब ढाई गुणा ज्यादा सप्लाई कुछ इलाकों में देनी पड़ रही है वही लगातार घटते जलस्तर के बावजूद भी इलाके में निजी सबमर्सिबल पंप आए दिन बिना अनुमति के लगाए जा रहे है, क्षेत्र में लगाए जाने वाले पंपों को रोकने में जल संसाधन विभाग व नगरपालिका विफल साबित हो रहा है विभाग पर ऐसा कोई नियम नहीं जिसके तहत निजी पंप लगाकर पानी की बर्बादी करने वाले लोगों के खिलाफ विभाग कार्रवाई कर सके। ऐसे में भू-जल स्तर तेजी से गिर रहा है।। नहरो के पक्का होने से नहीं बढ़ पा रहा जल स्तर- कुछ समय पूर्व जब सिंचाई के लिए बनाई गई नहर कच्ची थी तब उनमें सिंचाई के लिए छोड़े जाने वाले पानी सहित बरसात का पानी आने पर जमीन का भूजल स्तर बढ़ता था किंतु लगभग एक दशक से सरकार द्वारा इन नहरो को पक्का करने का काम किया जा रहा है यानी नहरो के पक्का होने के बाद बरसात के पानी का जमीन के अंदर जाना बहुत ही कम हो गया है इसके साथ ही तालाबों एवं प्राचीन जल स्त्रोतों पर भी लोगों ने कब्जा करके खत्म कर दिया है देखा जाए तो लोग पानी का दोहन तो कर रहे हैं लेकिन संचय नहीं कर रहे जिसके चलते जमीन का जल स्तर नहीं बढ़ पा रहा है।

# मिलावट खोर रामसहाय पुलिस के हत्थे चढ़ा, भारी मात्रा में सिंथेटिक दूध बनाने की सामग्री जप्त

### मिलावट खोर रामसहाय पुलिस के हत्थे चढ़ा, भारी मात्रा में सिंथेटिक दूध बनाने की सामग्री जप्त

### प्रशासन की ढिलाई के चलते फिर से जहर बेचने वाले हुए सक्रिय



मुरैना। लंबे समय से जहरीला दूध पनीर बना कर बेचने वाला मिलावट खोर रामसहाय एक बार पुनः पुलिस के हत्थे चढ़ गया है और इस बार उसके अड्डे से पुलिस ने बड़ी मात्रा में सिंथेटिक दूध बनाने की सामग्री जप्त की है। पिछ्ले कुछ वर्षो से वह नकली नौटंकी कर प्रशासन एवं पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था, लेकिन रविवार को मुखबिर की सूचना पर से पुलिस ने उसके चेहरे पर से साहूकारी का पर्दा हटा दिया और बड़ी मात्रा में जहरीला दूध बनाने वाली सामग्री बरामद की।

प्रदेश में मिलावट को लेकर भले ही बीते दिनों मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जगह-जगह कार्रवाई हुई हो, लेकिन समय के साथ साथ माहौल बदला और एक बार फिर नकली दूध के कारोबारियों ने अपनी जड़ें मजबूत कर ली। इसी का एक जीता जागता उदाहरण मुरैना मुख्यालय पर देखने को मिला, जहां एक मिलावट खोर रामसहाय शर्मा के द्वारा बिना किसी खौफ के नकली दूध बनाने का जखीरा भारी मात्रा में रखा हुआ था। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अतुल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली के क्षेत्र के पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक गोदाम मे भारी मात्रा में दूध में मिलावट करने वाली सामग्री रखी हुई है। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस ने प्रशासनिक एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रामसहाय शर्मा के यहां रविवार की दोपहर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान गोदाम में मिलावटी दूध बनाने वाले केमिकल के 12 ड्रम, 12 नीली कैन हाइड्रोजन पेरोक्साइड, रिफाइंड पॉमोलीन ऑयल 3200 लीटर, आरएम केमिकल 2600 लीटर, न्यूट्रिलिव गोल्ड रिफाइंड पॉम ऑयल 1600 लीटर और 15 लीटर की पैक टीन भी जप्त की गई हैं। इसके अलावा अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। यह कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी, तहसीलदार और कोतवाली टीआई के नेतृत्व में की गई।

उल्लेखनीय है कि केमिकल संचालक रामसहाय पर करीब दो साल पहले भी कार्यवाही की गई थी, उसके बाद वह दिखाने के लिए दूध की टंकी एवं अन्य सामान बेचता नजर आया, लेकिन इसकी आड़ में वह असल में जहर बेचने का कारोबार धडल्ले से करता रहा, लेकिन रविवार को वह फिर से पुलिस के हत्थे चढ गया। बताया जाता है के नकली दूध बनाने का कारोबार लंबे समय से संचालित था, लेकिन पुलिस की नजरों से बचकर इधर उधर माल की सप्लाई करता था। अब देखना होगा कि जहर बेचने वालों के खिलाफ प्रशासन के द्वारा क्या कार्यवाही की जाएगी या फिर जहर बेचने वालों के हौंसले इसी प्रकार बुलंद होते रहेंगे। गोदाम संचालक का कहना है कि दुकानों पर बेचने के लिए ड्रमों में पामोलिव ऑयल रखा हुआ था, जिसे टिनो में भरकर बाजार में सप्लाई किया जाता हैं।

## ऑक्सीजन पर विवाद

कोरोना की दूसरी लहर के बीच केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच ऑक्सीजन को लेकर खड़ा हुआ विवाद अब दूसरे रूप में सामने आ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के एक पैनल ने अपनी अंतरिम रिपोर्ट में कहा है कि दिल्ली सरकार ने कोरोना संकट के पीक पर जरूरत से 4 गुना ज्यादा ऑक्सीजन की डिमांड की। इससे 12 राज्यों की सप्लाई पर असर पड़ा। दिल्ली सरकार ने कोरोना की दूसरी लहर के समय केंद्र से 1,140 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की डिमांड की थी। रिपोर्ट के मुताबिक ये दिल्ली की जरूरत से 4 गुना ज्यादा है। दिल्ली में उस समय जितने ऑक्सीजन बेड थे, उसके हिसाब से दिल्ली को 289 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की ही जरूरत थी। रिपोर्ट के मुताबिक सामान्य तौर पर दिल्ली में 284 से लेकर 372 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की जरूरत थी, लेकिन ज्यादा सप्लाई की डिमांड करने के कारण दूसरे राज्यों पर इसका असर पड़ा। बता दें कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान मई में दिल्ली में ऑक्सीजन की किल्लत सामने आई थी। दिल्ली सरकार और कुछ प्राइवेट अस्पतालों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और ऑक्सीजन सप्लाई तुरंत बढ़ाने की मांग की थी। तब जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने 12 लोगों की टास्क फोर्स बनाई थी। कोर्ट ने कमेटी ऑक्सीजन की सप्लाई और डिमांड पर ऑडिट रिपोर्ट मांगी थी। कमेटी में देश के 10 मशहूर डॉक्टरों के अलावा 2 सरकारी अधिकारी शामिल हैं। रिपोर्ट सामने आने के बाद भाजपा केजरीवाल सरकार पर हमलावर हो गई और माफी की मांग करने लगी। मगर एक दिन बाद ही मामले में ट्विस्ट आ गया। दिल्ली के लिए ऑक्सीजन की डिमांड बढ़ा-चढ़ाकर बताने के मामले में भाजपा घिर गई है। एम्स चीफ डॉ. रणदीप गुलेरिया के मुताबिक, अब तक फाइनल रिपोर्ट नहीं आई है। ऐसे यह कहना जल्दबाजी होगी कि दिल्ली ने सेकंड वेव के पीक के वक्त जरूरी ऑक्सीजन की डिमांड को चार गुना बढ़ाकर बताया। उन्होंने कहा कि मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है, ऐसे में हमें जजमेंट का इंतजार करना चाहिए। बता दें कि पैनल की रिपोर्ट सामने आने के बाद बीजेपी ने केजरीवाल पर निशाना साधा था। दिल्ली से बीजेपी सांसद गौतम गंभीर ने कहा था कि केजरीवाल में शर्म बची हो तो उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। वहीं दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि ऐसी कोई रिपोर्ट है ही नहीं। ये रिपोर्ट भाजपा हेडक्वार्टर में बैठकर बनाई गई है। सिसोदिया ने कहा, भाजपा झूठ बोल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने ऑक्सीजन ऑडिट कमेटी बनाई थी। हमने इसके मेंबर्स से बात की है। सबका कहना है कि उन्होंने कोई रिपोर्ट साइन ही नहीं की है। जब ऑक्सीजन ऑडिट कमेटी के सदस्यों ने कोई रिपोर्ट साइन ही नहीं की है, अप्रूव ही नहीं की है तो फिर ये रिपोर्ट है कहां? ये कौन सी रिपोर्ट है? कहां से आई है? ऑक्सीजन नहीं मिल पाने से अस्पताल मरीजों को भर्ती नहीं कर रहे थे। कई अस्पताल अपने यहां बिस्तरों की संख्या इसीलिए कम करते जा रहे थे क्योंकि ऑक्सीजन नहीं है। निजी अस्पताल रो-रो कर बता रहे थे कि उनके यहां विकट हालात हैं। भर्ती मरीजों की जान सांसत में है। अगर केजरीवाल ने अतिरिक्त ऑक्सीजन की मांग न की होती तो शायद इन हालात से बचा जा सकता था। दिल्ली की मनमानी के चलते 12 राज्यों में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी थी और न जाने कितने लोगों की जान चली गई थी। विपक्ष में होने का यह मतलब नहीं होता कि सत्ता दल को परेशान किया जाए या उस पर दबाव बनाया जाए। मौके की नजाकत देखकर काम करना होता है। संकट के समय इस जिम्मेदारी का भाव ज्यादा बढ़ जाता है, लेकिन केजरीवाल इसमें नाकाम रहे।

# चारों चुनाव जीतने का प्रयास करेगें: कमलनाथ

**रहीम खान**

**मध्यप्रदेश में चार उपचुनाव की सरगर्मिया बढ़ी**

**(दमोह जीत से कांग्रेस को मिली ऊर्जा)**

मध्यप्रदेश में कोराना महामारी की दूसरी लहर में बड़े पैमाने पर जनहानि के दृश्य देखे गये है। यहां तक की माननीय वर्ग भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाया। एक सांसद एवं तीन विधायक कोरोना का शिकार होकर दिवंगत हुए। इस तरह से दमोह उपचुनाव 2021 का प्रभाव अभी खत्म भी नहीं हो पाया था कि प्रदेश की राजनीति में चार महत्वपूर्ण उपचुनाव की चर्चाएं तेज हो गई। इस मध्य अप्रैल माह में सम्पन्न दमोह विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा 17000 से अधिक मतों से जीत प्राप्त करने से कांग्रेस की राजनीति को एक नई ऊर्जा प्राप्त हुई। जिससे उत्साहित होकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने पूरे आत्मविश्वास के साथ यह बात कही है कि भविष्य में सम्पन्न होने वाले प्रदेश के एक लोकसभा तीन विधानसभा उपचुनाव में भी कांग्रेस दमोह के जैसे जीत प्राप्त करेगी। उसी उद्देश्य के साथ कांग्रेस अपनी तैयारी में लगी हुई है।

जबकि दमोह में बड़े मतों के अंतर से पराजित होने के बाद सत्ताधारी भाजपा उपरोक्त उपचुनाव को लेकर उहापोह की स्थिति में है। कारण यह है कि दमोह में केन्द्रिय मंत्री, मुख्यमंत्री, विधायक, राज्य मंत्री सभी ने पूरी ताकत झोंक दी, उसके बाद भी भाजपा को सफलता नहीं मिली। बल्कि परिणाम आने के बाद पार्टी आपसी आरोप प्रत्यारोप में उलझ गई। इस चुनाव परिणाम से कांग्रेस के भीतर यह बात भी सुनन मिल रही है कि यह सोचना गलत है कि भाजपा हार नहीं सकती, बल्कि वह हार सकती है बशर्त है कांग्रेस एक मजबूत रणनीति के साथ चुनाव लड़े।

महामारी का शिकार पहले खण्डवा लोकसभा सीट के सांसद नंदकुमार चैहान हुए, जो यहां से 3 से अधिक बार चुनाव जीत चुके थे। मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष चैहान ने 2019 में खण्डवा सीट पर 8,38,909 मत लेकर कांग्रेस उम्मीदवार अरूण यादव 5,65,566 मत को पराजित किया था। किंतु कोरोना की चपेट में आने के बाद चैहान इतनी बुरी तरह प्रभावित हुए कि उन्हें इस दुनिया से अलविदा कहना पड़ा। इन पंक्तियों के लिखे जाते समय तक यहां पर कांग्रेस की ओर से अरूण यादव की दावेदारी पक्की मानी जा रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा की तरफ से अभी पिक्चर क्लीयर नहीं हुई है पर उनके पुत्र हर्षवर्धन सिंह या पूर्व मंत्री अर्चना चिटणीस में से किसी एक को टिकट दिये जाने की उम्मीद है, जबकि तीसरा नाम हिन्दू जागरण मंच के अध्यक्ष अशोक पालीवाल का नाम लिया जा रहा है जो अपने स्तर पर लॉबिंग कर रहे है। कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार अरूण यादव 2009 में यहां से चुनाव जीता था, उसके बाद दोनों चुनाव में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। यहां की जो राजनीतिक परिस्थिति है उसमें यादव को कांग्रेस के भीतर ही पूर्ण सहयोग नहीं मिल पाता जिसके कारण उनकी गाड़ी लड़खड़ा जाती है।

जबकि कांग्रेस की पहली बार विधानसभा सीट क्रमांक 192 जोबट से 2018 में विधायक निर्वाचित हुई सुश्री कलावती भूरिया भी कोरोना का शिकार हुई और 24 अप्रैल, 2021 को वे कोरोना से लड़ते हुए जीवन की लड़ाई हार गई। उन्होंने विधानसभा 2018 में अर्थात सुश्री भूरिया ने 45716 मत लेकर भाजपा के माधोराव सिंह दावर 43571 मत को पराजित किया था। वहीं निर्दलीय विशाल राउत ने यहां 30941 मत लिये थे। कांग्रेस की तरफ से इस सीट पर सुलोचना रावत के बाद सुश्री भूरिया के भतीजे दीपक भूरिया का नाम प्रमुख दावेदारों में गिना जा रहा है। विशाल ने 2013 में इस सीट



पर चुनाव लड़ा था पर वह हार गये थे। भाजपा की ओर से उम्मीदवार कौन होगा, अभी किसी का नाम प्रमुखता के साथ उभर कर सामने नहीं आया।

कोरोना महामारी के इस कुप्रभाव में कांग्रेस को दूसरा झटका पृथ्वीपुर सीट क्रमांक 45 के विधायक ब्रजेन्द्र सिंह राठौर की मृत्यु से लगा जो यहां पर पूर्व में तीन चुनाव जीत चुके थे। पूर्व कमलनाथ सरकार में ये मंत्री भी थे, दमोह उपचुनाव में कांग्रेस के प्रभारी के रूप में ये कार्य कर रहे थे और वहीं से ये संक्रमित हुए और 17 अप्रैल को इन्होने जीवन की अंतिम सांस ली। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के वीजेन्द्र सिंह 52154 मत ने सपा के डॉ. शिशुपाल यादव 44816 मत को पराजित किया था। यहां बसपा को 29992 एवं चैथे क्रम पर रहने वाले भाजपा उम्मीदवार को 10305 मत मिले थे। इस सीट पर वीजेन्द्र सिंह के पुत्र प्रमुख दावेदार के रूप में उभर कर आये है और संभवतः वहीं उम्मीदवार होगें, इसकी शतप्रतिशत उम्मीद है। जबकि भाजपा की तरफ से अभी कोई भी नाम उभर कर नहीं आया है।

वहीं कोरोना के दिवंगत होने वाले चौथे जनप्रतिनिधि रैगांव विधानसभा सीट क्रमांक 62 से भाजपा विधायक जुगलकिशोर बागरी थे। जिनकी मृत्यु 10 मई,2021 को हुई। स्व. बागरी इस सीट पर चार चुनाव जीत चुके थे और 2018 के विधानसभा चुनाव में बागरी 65542 मत ने कांग्रेस के कल्पना वर्मा 47939 मत को पराजित किया था और पांचवी बार विधायक बने थे। भाजपा के सीनियर विधायकों में गिने जाने वाले स्व. बागरी के जाने के बाद भाजपा की ओर से कौन सा उम्मीदवार यहां से चुनाव लड़ेगा अभी पिक्चर साफ नहीं हुई है परन्तु कांग्रेस की तरफ से बसपा से कांग्रेस में आई उषा चैधरी और पिछले विधानसभा चुनाव में पराजित हुई कल्पना वर्मा में से ही कोई एक उपचुनाव में उम्मीदवार होगा, इसकी प्रबल संभावना है।

इस प्रकार से प्रदेश में एक लोकसभा एवं तीन विधानसभा सीट के वर्तमान सांसद एवं विधायक की मृत्यु के बाद जो सीटें खाली हुई है वहां पर अनुमान है कि अगर कोरोना महामारी की तीसरी लहर नहीं आई तो सितम्बर-अक्टूबर में उपचुनाव हो सकते है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस एवं भाजपा ने अपने अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी है। दमोह उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस पार्टी को जो राजनीतिक संजीवनी प्राप्त हुई है उसके प्रभाव के बल पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कमलनाथ के नेतृत्व में पार्टी चारों सीटों पर जीत का परचम लहरा कर भविष्य के नगर पालिका, नगर निगम, जिला पंचायत, जनपद पंचायत चुनाव में गहरा प्रभाव छोडते हुए विधानसभा चुनाव 2023 के लिये अपने प्लेटफार्म को मजबूत करने प्रयासरत है तो वहीं दूसरी तरफ दमोह में शर्मनाक पराजय के बाद भाजपा के कान खड़े हो गये है और वह ऐसी कोई गलती नहीं करना चाहती जिससे कि उसे पराजय का सामना करना पड़े और कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटे। यहीं कारण है कि भाजपा लगातार संगठन स्तर की मैराथन बैठक करके कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिये प्रयासरत है। इन चुनाव परिणाम से राज्य सरकार की सेहत पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा पर निरंतर पराजय का सामना करने वाली कांग्रेस अगर यहां सफलता प्राप्त करती है तो उसके लिये यह जीत किसी वरदान से कम नहीं है।

## आशा निराशा

एक मछुआरा था । उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा , लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी । भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला । पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी । मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला -हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढा। बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था । सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ...। मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक -एक करके नदी में फेंकता जा रहा था । पोटली खाली हो गयी । जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया । उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था , यह क्या ! ये तो क्नीलम था । मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था . नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था । प्रकृति और प्रारब्ध ऐसे ही न जाने कितने नीलम हमारी झोली में डालता रहता है जिन्हें पत्थर समझ हम ठुकरा देते हैं।

# क्या सिर्फ आबादी में बढ़ाने में लगें हैं मुसलमान

**मुस्ताअली बोहरा**

**मुस्लिम आबादी उवाच ..........कुछ तो लोग कहेंगे**

क्या भारत में मुसलमानों की आबादी तेजी से बढ़ रही है ? क्या बढ़ती इस आबादी से दूसरे मजहबों को खतरा है ? क्या मुसलमान परिवार नियोजन के साधनों को नहीं अपनाते ? ऐसे ही कई सवाल है जो पिछले कुछ अरसे से समाज के ही एक तबके के जहन में कौंध रहे हैं। देखा जाए तो पिछले डेढ़ दशक में जो बदलाव आए हैं और राजनीतिक ध्रुवीकरण हुआ है उसके बाद किसी भी घटना का दोष मुसलमानों के सिर मढ़ना आसान सा हो गया है। फिर चाहे बात कोरोना फैलने की हो, या कथित गौवंश तस्करी या गौ हत्या की हो या फिर मुसलमानों की आबादी बढ़ने की। जब जिस राज्य में चुनाव होते हैं वहां मुस्लिम आबादी भी चुनावी मुददा हो जाती है। पश्चिम बंगाल से लेकर असम तक और मध्यप्रदेश से लेकर उत्तरप्रदेश तक, मुसलमानों की आबादी को लेकर हो हल्ला होता रहा है। हालांकि, हकीकत कुछ और ही होती है लेकिन कहने वाले कहां चूकते हैं।

हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक बार फिर मुसलमानों की बढ़ती आबादी को लेकर बहस को हवा दे दी। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी को रोकने के लिए अप्रवासी मुसलमानों को परिवार नियोजन के तरीके अपनाने चाहिए। असम के सीएम तो ये तक बोल गए कि जनसंख्या विस्फोट जारी रहा तो एक दिन कामाख्या मंदिर की जमीन पर भी कब्जा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय के साथ मिलकर जनसंख्या नियंत्रण के लिए काम करना चाहते हैं। इस मामले पर एआईयूडीएफ और ऑल असम माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं।



मुसलमानों की आबादी को लेकर इससे पहले भी कई राजनेता विभिन्न दावे करते रहे हैं। इन दावों की पड़ताल की जाए तो हकीकत कुछ और ही सामने आती है। यदि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्टें देखी जाए तो पता चलता है कि असम की प्रजनन दर और राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन दर में ज्यादा अंतर नहीं है। वर्ष 2005-06 में राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन दर 2.7 और असम में 2.4 थी। हालिया रिपोर्ट में तो यह दर 1.87 पर है यानी प्रजनन दर 2.1 के उस लाइन से भी नीचे है, जिसे हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। सवाल ये है कि जिस राज्य में लगभग एक तिहाई आबादी मुसलमानों की है, वहां प्रजनन दर को कैसे काबू में लिया गया। क्या ऐसा सिर्फ गैर मुसलमानों की वजह से हुआ। बिलकुल नहीं, पिछले लगभग तीन दशकों में असम की कुल प्रजनन दर लगभग आधा कम हो गई है।

एनएफएचएस की रिपोर्ट के मुताबिक असम में सबसे कम प्रजनन दर ईसाइयों की है। इसके बाद अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की है। और फिर इसके बाद हिन्दू और मुसलमान आते हैं। घटती प्रजनन दर से जाहिर है कि असम में मुसलमान आबादी बढ़ाने में नहीं लगे हैं। हालांकि, गुजिश्ता दशकों में मुसलमानों की शैक्षिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसके कारण मुसलमानों में प्रजनन दर कुछ ज्यादा थी। एनएफएचएस की रिपोर्ट में ये बात है कि स्कूली शिक्षा पूरी कर चुकी महिलाओं के कम बच्चे हैं जबकि उनके ज्यादा बच्चे हैं जो स्कूल नहीं जा पाईं। वैसे ये बात सिर्फ मुसलमानों पर ही लागू नहीं होती बल्कि दिगर समुदाय पर भी लागू होती है। वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक असम में हिंदुओं की साक्षरता दर 77.67 फीसद है दूसरी ओर, मुसलमानों की साक्षरता दर 61.92 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, असम में मुसलमानों के बीच साक्षरता बाकी सभी धार्मिक समूहों से कम है। शैक्षिक स्तर किसी भी इंसान या समुदाय की सामाजिक, आर्थिक तरक्की पर खासा असर डालता है। शिक्षा का ताल्लुक प्रजनन दर से भी है। एनएफएचएस के मुताबिक असम की प्रजनन दर वर्ष 1992-93 में जहाँ यह दर 3.53 थी तो वर्ष 2019-20 में यह 1.87 पर पहुँच गई। असम में पिछले डेढ़ दशकों में हिंदुओं की प्रजनन दर 0.36 अंक घटकर 2 से 1.59 तक पहुँच गई जबकि मुसलमानों की प्रजनन दर लगभग सवा अंक घटकर 3.64 से 2.38 तक पहुँच गई। यह 2.1 की दर से थोड़ी ही कम है। ये भी एक मिथक है कि मुसलमान परिवार नियोजन के तरीके या साधन नहीं अपनाते। असम में मुसलमान गर्भ निरोधकों के इस्तेमाल में हिंदुओं से महज एक फीसदी ही पीछे हैं।

# क्यों बढ़ रही है धर्म परिवर्तन की घटनाएं ? सभी राज्यों को चेतना चाहिए

### अष्टयोग-5455

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 5 | 7 | 4 | |
| 3 | 32 | 6 | 36 | 2 | 30 | 1 |
| | | 7 | 1 | | 2 | |
| 5 | 26 | | 34 | | 38 | 6 |
| | 2 | | 7 | 5 | | |
| 2 | 30 | 4 | 32 | 3 | 31 | 7 |
| | 6 | 5 | 4 | | 3 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5454 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**अशोक भाटिया**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की सख्ती के बाद भी लव-जेहाद और धर्मांतरण की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कहीं बरगला कर तो कहीं लालच ओर धोखा देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। इसी तरह से करीब एक हजार लोगों का धर्मांतरण कराए जाने की एक घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक धार्मिक मुहिम चलाने वाले संगठन के दो लोगों को गिरफ्तार किया है, इन लोगों ने करीब एक हजार लोगों का धर्म परिवर्तन कराए जाने की बात कबूली है।पहले बाद लव-जेहाद की जो सामाजिक रूप से काफी घिनौना कृत्य है। लव-जेहाद की शिकार लड़कियों और महिलाओं को तो पता ही नहीं चलता है कि वह किस तरह से एक सम्प्रदाय विशेष की साजिश का शिकार हो जाती हैं, जिसे वह प्यार समझती हैं, वह लव-जेहाद होता है। इस हकीकत का पता जब लव-जेहाद की शिकार लड़कियों को चलता है तब तक काफी देर हो चुकी होती है। इसको ऐसे समझा जा सकता है।

उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के इज्जनगर थाना क्षेत्र की अनुसूचित जाति की एक लड़की के साथ दूसरे सम्प्रदाय के एक युवक ने दुष्कर्म किया और दुष्कर्म का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पहले तो उसका धर्म परिवर्तन कराया और बाद में जबर्दस्ती उससे निकाह कर लिया। बात यहीं तक नहीं रूकी, निकाह के बाद लड़का अपनी पत्नी पर दबाव बनाने लगा कि वह मायके से दहेज के रूप में सात लाख



रुपए लेकर आए। लड़की रुपए की व्यवस्था नहीं कर पाई तो उसे घर से निकाल दिया गया।इस हैरान कर देने वाली घटना के खिलाफ किसी की चेतना नहीं जाग्रत हुई। कहीं कोई बवाल नहीं कटा, न दलितों पर अत्याचार के नाम पर हो-हल्ला मचाने वालों का दिल पसीजा और न ही किसी महिला आयोग, सामाजिक संगठन ने इसका संज्ञान लेना उचित समझा। जो नेता कथित रूप से आपसी विवाद में एक शख्स की दाढ़ी काटने की झूठी घटना को साम्प्रदायिक रंग देकर योगी सरकार को घेरने में लग जाते हैं, यदि वह उक्त मामले में भी ऐसा ही रवैया अपनाते तो उनका वोट बैंक और तुष्टिकरण की सियासत पर 'ग्रहण' लग सकता था, इसीलिए सब मौन साधे रहे। किसी ने योगी सरकार से सवाल नहीं किया। यह पहली बार नहीं हुआ है, बार-बार इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन तुष्टिकरण की सियासत करने वाले दल और नेता हमेशा ही मौके की नजाकत को भांप कर मुंह बंद रखते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि कोई भी देश तभी सभ्य, विकसित व मजबूत राष्ट्र बन पाता है जब इसके नागरिक आपस में प्रेम-भाव रख कर एक-दूसरे से सहयोग करके समूचे समाज के विकास के लिए काम करते हैं। समाज स्वाभाविक रूप से विविधताओं से भरा होता है अतः इसकी एकता का मूल मन्त्र एक-दूसरे के प्रति सम्मान भाव पर टिका रहता है। लोकतन्त्र में राजनीति का लक्ष्य इसी भाईचारे को प्रगाढ़ कर देश के विकास का होता है। राजनीति चूंकि सत्ता तक पहुंचने का माध्यम होती है और सत्ता लोगों के व देश के विकास के उद्देश्य से हासिल की जाती है अतः नागरिकों के बीच नफरत फैलाने का काम जो लोग व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से करते हैं वे देश को तोड़ने की कार्रवाई में संलग्न समझे जाते हैं। भारतीय संविधान में इस बाबत विस्तृत व्याख्या इस प्रकार की गई है कि भारतीय दंड विधान की धारा 153 के तहत सामाजिक विद्वेश फैलाने अर्थात दो समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने वाले कृत्य को राष्ट्र विरोधी कार्रवाई के समरूप रखते हुए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। परन्तु हम देख रहे हैं कि जैसे-जैसे छह राज्यों के विधानसभा चुनाव करीब आते जा रहे हैं वैसे- वैसे ही समुदायगत नफरत फैलाने की गतिविधियां जोर पकड़ रही हैं । इसे हम स्वतन्त्र भारत की राजनीतिक त्रासदी के अलावा और कुछ नहीं कह सकते क्योंकि ऐसा करने से वोटों का ध्रुवीकरण जिस सम्प्रदायगत आधार पर होता है उससे देश भीतर से कमजोर होकर नफरत की आग में सुलगने लगता है।

## मधुमेह जागृति दिवस

**रविन्द प्रेमचंद जैन**

भारत अपनी युवा आबादी की बदौलत आने वाले समय में दुनिया की एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के लिए प्रयासरत है लेकिन इस युवा आबादी के एक बड़े भाग में लोगों की शिराओं में धीरे-धीरे मीठा जहर घुलने की आशंका विशेषज्ञों की नींद उड़ाए हुए है, क्योंकि आबादी का यही हिस्सा अर्थव्यवस्था के लिए सबसे अधिक उत्पादक होगा।

विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले समय में मधुमेह रोगियों की संख्या बढ़ना तो चिंता की बात है ही, लेकिन चिंता का असली कारण है कि किस उम्र के लोगों को यह बीमारी अधिक हो रही है। पश्चिम में अधिकतर लोगों को उम्र के छठवें दशक में मधुमेह होता है, जबकि भारत में 30 से 45 वर्ष की आयु में ही इस बीमारी की दर सबसे अधिक है।

मधुमेह विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी देशों में जिन लोगों में पहली बार मधुमेह का पता चलता है, उनमें साठ से अधिक उम्र वाले लोगों की संख्या सबसे अधिक होती है। इसका मतलब यह हुआ कि इन देशों में मधुमेह ऐसे लोगों को कम प्रभावित कर रहा है जो देश की उत्पादक शक्ति हैं। भारत में तस्वीर बिल्कुल उलट है। भारत में मधुमेह के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह बीमारी युवाओं के साथ-साथ शहरी आबादी को अधिक हो रही है। इसका मतलब है कि हमें शहरों में मधुमेह को लेकर बड़े पैमाने पर जागरूकता बढ़ानी होगी और लोगों को अपनी जीवनशैली बदलने के लिए प्रेरित करना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोगों का खानपान देशी घी और गरिष्ठ चीजों से भरपूर है लेकिन इन क्षेत्रों के लोगों में शहरी इलाकों की तुलना में मधुमेह के मामले इसलिए कम मिलते हैं क्योंकि वे आज भी परिश्रम वाला जीवन जीते हैं। इसके विपरीत शहरी जीवन ने आदमी के शारीरिक श्रम की संभावनाओं को बेहद कम कर दिया है। शहरी जीवन में लोग खानपान के मामले में बेहद लापरवाह होते जा रहे हैं। हमारे खाने में तली हुई चीजों, प्रसंस्करित डिब्बाबंद खाद्य वस्तुओं की मात्रा बढ़ रही है। जीवनशैली में भी हम चाहे-अनचाहे तमाम तरह के तनाव पाल रहे हैं। इन सब कारणों से शहरी लोगों को मधुमेह होना स्वाभाविक है। युवा पीढ़ी के लोगों को मधुमेह का पता अक्सर अन्य कारणों से चलता है। अधिक भूख और प्यास लगना, अधिक बार पेशाब के लिए जाना, सुस्ती, वजन घटना, घावों का देर से भरना, बार-बार एलर्जी होना इसके सामान्य लक्षण हैं। लेकिन इन लक्षणों से एकबारगी मधुमेह रोग पकड़ में नहीं आता। जिस तरह देश के युवाओं में मधुमेह के मामले बढ़ रहे हैं, इसके लिए बेहद जरूरी है कि 35 वर्ष के बाद हर युवा साल में कम से कम एक बार मधुमेह की जांच कराएं।

## वन-टू-वन



## पुलिस की पकड़ से दूर डकैत गुड्डा गुर्जर

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे।**

मध्य प्रदेश पुलिस का 60 हजार का इनामी डकैत गुड्डा गुर्जर पुलिस की पकड़ से दूर है। उसकी गैंग के सक्रिय सदस्य बालिस्टर उर्फ बालिस्टर गुर्जर को पकड़े पुलिस को एक माह बीत चुका है। उसके बावजूद जिले की पुलिस अभी तक उससे गुड्डा गुर्जर का सुराग नहीं लगा सकी है। पुलिस इस बात का भी सुराग नहीं लगा सकी है कि गैंग को कारतूस कहां से मिलते हैं। बालिस्टर गुर्जर फिलहाल जेल में है सूत्रों की माने तो, अगर नवागत पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार डकैत गुड्डा गुर्जर की मांग नहीं करते तो आज, बालिस्टर गुर्जर भी सलाखों के पीछे नहीं होता। नवागत पुलिस अधीक्षक ने पदभार संभालने के कुछ दिनों बाद ही जिले की पुलिस से डकैत गुड्डा गुर्जर की मांग की थी। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि पुलिस अधीक्षक ने 12 घंटे के अन्दर गुड्?डा गुर्जर को जिंदा या मुर्दा पकड़ने का आदेश दिया था। जब, जिले के कुछ अधिकारियों की नौकरी पर बन आई, तो तुरंत बामौर थाना पुलिस ने गुड्डा गुर्जर गैंग के सक्रिय सदस्य बालिस्टर गुर्जर को पेश कर दिया। बताया जाता है कि बालिस्टर गुर्जर बामौर थाना पुलिस की जानकारी में था। वह पकड़ने के एक महीने पहले तक बामौर के आस पास रह रहा था बालिस्टर गुर्जर से नहीं उगलवा सकी पुलिस यहां बता दें कि, पुलिस, चाहती तो बालिस्टर गुर्जर से पूछताछ करके गुड्डा गुर्जर गैंग की जानकारी हांसिल कर सकती थी, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं किया। पुलिस डकैतों को पकड़ने में रुचि नहीं ले रही बताई जाती है। पुलिस का पूरा ध्यान इस समय अवैध शराब पर टिका हुआ है। हर दूसरे-तीसरे दिन पुलिस अवैध शराब पकड़कर फोटो खिचवा रही है। *गांवों में पल रहे डकैत, डर की वजह से नहीं बोलते ग्रामीण* एक समय था जब डकैत जंगलों में रहा करते थे। अब, वह जमाना बीत गया है। सूत्रों की माने तो डकैत जिले के गांवों में ही पनाह लिए हुए हैं। उनकी जीवन शैली आधुनिक है। वह मोबाइल से लेकर कार तक उपयोग कर रहे हैं। बताया जाता है कि डकैत गुड्?डा गुर्जर के ऊपर अपहरण, लूट, हत्या सहित लगभग दो दर्जन अपराध मुरैना, श्योपुर व राजस्थान में दर्ज हैं। गैंग में लगभग 7 से 10 सदस्य शामिल हैं। गांव के लोग उनकी रहने व खाने-पीने की व्यवस्था करते हैं

## घरों की छत पर और टंकी में पानी जमा नही होने दे'



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

भोपाल(पुष्पांजली टुडे)। मलेरिया माह के अंतर्गत बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे के मार्गदर्शन में एम्बेड टीम फैमिली हेल्थ इंडिया द्वारा जोन क्रमांक-08 के क्षेत्रों में द्वारा घर-घर जाकर बुखार का सर्वे किया और साथ ही कूलर, फ्रीज, गमला आदि में लार्वा का सर्वे किया। सर्वे टीम द्वारा लगातार बताया जा रहा है की घरों में चारो और लगातार निरीक्षण करते रहे कही भी पानी जमा नही होने दे और इस संबंध में परिवार के साथ आस पड़ोस के लोगो को भी बताए, मलेरिया और डेंगू से बचने का यही सर्वोत्तम तरीका है। इस दौरान बीसीसीएफ ने मॉड्यूल के माध्यम से लोगों को मलेरिया डेंगू से बचाव के बारे में समझाया। हमे अगर अपने परिवार को स्वस्थ्य रखना है तो स्वयं से सफाई की शुरुआत करनी होगी अगर हम सभी मिलकर साफ-सफाई के लिए खुद प्रेरित होंगे एवं अन्य लोगों को प्रेरित करेंगे तो निश्चित रूप से हम सभी मच्छरजनित रोग जैसे डेंगू एवं मलेरिया से बचे रहेंगे। नियमित मच्छर से बचाब हेतु आधुनिक माध्यम जैसे कॉइल, स्प्रे, आदि का प्रयोग करें, रोजाना मच्छरदानी में ही सोए, घर के आसपास अगर पानी जमा है तो उसे खाली करें, कोई ऐसा गड्डा है जिसे खाली नही हो सकता तो उसमें जला हुआ आयल या मिट्टी का तेल हर सप्ताह में अवश्य डाले। नवीन स्कूल के पास लोगों को साफ - सफाई एवं मच्छर नही पनपने देने हेतु शपथ दिलाई।



## प्रकृति के लिए वृक्षारोपण जरुरी है

जमुना ऑटो इंडस्ट्रीज द्वारा पौधा वितरण प्रणाली को आगे बढ़ाते हुए एडवोकेट अमरेंद्र सिंह एवं पत्रकार संजू सगर को पौधों से सम्मान किया गया, यह प्रणाली फैक्ट्री के जीएम के निर्देश, सामाजिक दायित्व निर्वहन के अध्यक्ष जगत सिंह निरंजन के मार्गदर्शन में, सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं सिक्योरिटी ऑफ़िसर- रतन जी के सहयोग से और मालियों के योगदान से, दिन प्रतिदिन पौधे प्रदान कर कर जमुना ऑटो इंडस्ट्रीज ने ठाना है देश में ऑक्सीजन की कमी को मिटाना है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना ।

# रेत,जुआ व अन्य अवैध व्यापारो में उलझी दबोह पुलिस:हाकिम चौधरी

### कॉंग्रेस ने दबोह पुलिस को दी चेतावनी, बोले थाना प्रभारी नींद से जाग जाओ-चोरो को पकड़ कर लाओ

**दबोह(अर्पित गुप्ता)**

स्थानीय विश्राम गृह पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कॉंग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों ने दबोह पुलिस को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दबोह पुलिस नींद से जाग जाओ-चोरो को पकड़ कर लाओ।यहां बता दें की बीते 2 माह में क्षेत्र में लगातार लगभग 1 दर्जन चोरियां हुई हैं जिसमे क्षेत्र में आस्था का प्रतीक बना हनुमान मंदिर रूर सरकार की लाखों की चोरी भी शामिल है एवम क्षेत्र में पुलिस के संरक्षण में चल रहे अवैध व्यापारों को लेकर कॉंग्रेस कमेटी ने पुलिस पर सवाल दागे।आयोजित प्रेस वार्ता कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे(बल्लू बकील)की मौजूदगी में कई गई जिसमें ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाकिम सिंह चौधरी व कमेटी के नगर अध्यक्ष रूपनारायण खटीक(पूर्व नप अध्यक्ष)मुख्य रूप से शामिल रहे।ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष हाकिम चौधरी ने प्रेसवार्ता में बताया की दबोह क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरियों,अवैध शराब का व्यापार,जुए,क्षेत्र में पुलिस द्वारा सीसम के पेड़ों को कटवाना आदि को लेकर स्थानीय पुलिस व निशाना साधा वहीं उन्होंने नगर में चल रहे निर्माण कार्यो में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य कराए जाने,श्मशान घाट व कब्रिस्तान के अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने,विशाल करधेन तालाब का सौन्दरीकरण कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रों की जगह अपात्रों के नाम जोड़ना आदि मामलो को लेकर उन्होंने नगर परिषद पर भी सवाल उठाए।इन्ही समस्त निम्न बिंदुओं को लेकर कॉंग्रेस कमेटी ने राज्यपाल महोदय के नाम एसडीएम लहार को 5 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा।

### मांगे पूरी न होने पर देंगे धरना-शिवनारायण दुबे

प्रेसवार्ता के दौरान को कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे ने थाना पुलिस दबोह की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि दबोह थाना पुलिस द्वारा रेत व अन्य अवैध कारोबारों को बढ़ावा दिया जा रहा है।क्षेत्र में लगातार लगभग दर्जन भर चोरियाँ होना और फिर वही चोर कानून के लंबे हाथों से कोशो दूर होना अचंभे की बात है।उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में चोरियों को लेकर पुलिस ने आनन फानन में वाहवाही लूटने को लेकर बीते रोज पहले लगभग 1 साल पहले हुई चोरियों का खुलासा कर डाला परंतु हाल ही में 2 माह में हुई लगातार दर्जन भर चोरियों के चोर अब तक पुलिस न पकड़ पाई।उन्होंने पुलिस और आरोप लगाते हुए वरिष्ठ अधिकारियो को बताया कि अब तक पुलिस द्वारा चोरियों का खुलासा न होना कहीं न कहीं पुलिस की संलिप्तता दर्शाता है इसलिए उन्होंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से एक बाहर की टीम गठित कर जल्द ही चोरियों के खुलासे करने की मांग की है।वहीं उन्होंने नगर परिषद दबोह पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में चल रहे निर्माण कार्यों में ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है साथ ही नगर परिषद में पात्र हितग्राहियों की जगह अपात्रों को आवास योजना का लाभ दिया गया जिसकी भी जांच कराई जायेगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कराई जाएगी।इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्री दुबे ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में अपराध को बढ़ावा दिया जा रहा है उसके बाद भी भाजपा के नेता चुप हैं तो जाहिर से बात है की कहीं न कहीं वह लोग दलाली कर रहे हैं जिसकी वजह से वह उनपर सरकार होते हुए भी कार्यवाही नही करा पा रहे है।

### हिटलर थाना प्रभारी ने नही किया चोरियों का खुलासा तो करेंगे थाने का घेराव,सिखाएंगे सबक-हाकिम चौधरी

प्रेसवार्ता में दहाड़ते हुए ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष हाकिम चौधरी ने थाना प्रभारी प्रमोद साहू दबोह को हिटलर की उपाधि से सम्मानित कर डाला उन्होंने पुलिस प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस ने अगर आस्था के केंद्र हनुमान मंदिर रूर सरकार की चोरी समेत अन्य चोरियों का खुलासा जल्द समय रहते न किया तो थाना घेराव का कर थाना प्रभारी को सबक सिखाने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी साहू के पदस्थ होने के बाद ही नगर में अपराध बढ़ गए हैं क्षेत्र में लगातार जुआ,अवैध शराब,अवैध रेत का परिवहन,चोरियां व अन्य सभी अवैध व्यापार थाना प्रभारी साहू के पदस्थ होने के बाद बढ़ गए हैं।अगर कोई भी पत्रकार या व्यक्ति थाना प्रभारी के खिलाफ आवाज उठाता है तो उसके साथ अभद्रता कर उसे भगा दिया जाता है।इस दौरान उन्होंने एसपी कलेक्टर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कहीं न कहीं जिले के मुखिया एसपी,कलेक्टर भी इन सब मे लिप्त है तभी इन पर कोई कार्यवाही नही की जा रही है।उन्होंने पुलिस सवाल दागते हुए कहा कि बिगत 2 दिन पहले रात्रि 09=30 बजे स्टैंड बसूली करने वाला प्रधान आरक्षक खुद की मौजूदगी में खड़े होकर अवैध मुरम भरवा रहा जिसे मैंने स्वयं मौके पर जाकर पकड़ा था।साथ ही उन्होंने प्रधान आरक्षक पर चरित्रहीन के भी आरोप लगाए उन्होंने कहा कि जल्द ही उसके भी कारनामो का खुलासा किया जाएगा।





वहीं उन्होंने स्थानीय नप पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर नगर परिषद में हो रहे घोटालो औए नियंत्रण नही हुआ तो जल्द ही उसका भी घेराव करेंगे।उन्होंने बीते रोज भाजपा द्वारा लगाये गए आरोपों पर कहा कि अगर पूर्व में नप अध्यक्ष रहे रूपनारायण खटीक नप में हुए भ्रष्टाचार में शामिल हैं तो भाजपा के नेता क्यों चुप्पी साधे बैठे हैं अगर पूर्व अध्यक्ष रूपनारायण खटीक दोषी है तो आवाज उठाये और उनपर कार्यबाही करवाएं।उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है यह केवल उनका तमासा दिखाने काम है।उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओ ने नप कक लूट रखा है लेकिन जल्द ही आने वाले समय में इनको जनता सबक सिखाएगी।

उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मीडिया के द्वारा पूछे गए सवाल में कहा कि जैसे ही पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह जी भोपाल से वापस आएंगे हम सब कार्यकर्ता उनसे मिलकर बात करेंगे और सरकार को प्रस्ताव भेजकर दबोह आलमपुर में ऑक्सीजन की व्यवस्था कराने का सम्भव प्रयास करे।

### पूर्व नप अध्यक्ष ने साधा नगर परिषद पर निशाना

पूर्व नप अध्यक्ष रूपनारायण खटीक ने स्थानीय नप पर निशाना साधते हुए कहा कि मेरे समय में जो निर्माण कार्य स्वीकृत हुए थे जो अब तक अधूरे हैं जिसमे श्मशान घाट,कब्रिस्तान,नगर में चल रहे निर्माण कार्य शामिल हैं।उन्होने कहा कि प्रशासन के लोग इस तरफ बिल्कुल भी ध्यान नही दे रहे हैं वो तो भ्रस्टाचारी में लिप्त हैं और पैसा कमाने में लगे हैं।उन्होने नप को आगाह करते हुए कहा कि वह सचेत हो जाये वरना थाने के बाद नप का भी विरोध कर घेराव प्रदर्शन किया जाएगा।इस दौरान उन्होंने आवास योजना पर भी सवाल उठाए।वहीं उन्होंने स्थानीय थाना पुलिस को भी चोरियों के खुलासे करने के लिए आगाह करते हुए कहा कि जल्द खुलासा नही हुआ तो पूर्व मंत्री लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह के नेतृत्व में जल्द ही थाने का घेराव कर थाना प्रभारी को हटाने व चोरियों के खुलासे को लेकर घेराव प्रदर्शन किया जाएगा।

### हनुमान मंदिर रूर सरकार की मन्दिर की चोरी का यह था पूरा मामला

11-12 जून 2021 की रात दबोह नगर व क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर रूर सरकार पर चोरो ने चोरी को अंजाम दिया था और मन्दिर से हनुमान जी का चांदी का मुकुट,छत्र,मन्दिर के तीन घण्टे जिनका बजन करीब एक कुंटल बताया जा रहा के साथ साथ कमरे में रखे राम दरबार के गहने,प्रसाद के लिए रखी किसमिस,मिठाई,अखण्ड ज्योति जलाने के लिए रखा पाँच किलो घी पुजारी के दो जोड़े कुर्ता-पाजामा और हायरवेस्टर की दो बैटरी सहित दानपत्र भी ले गए थे।परन्तु मन्दिर का दानपत्र मन्दिर के पास ही एक खेत मे पड़ा मिला था।पुजारी के अनुसार चोर लगभग एक लाख से अधिक रुपयों के सामान पर हाथ साफ कर गए थे।

हनुमान मंदिर रूर सरकार पर चोरी होने के बाद ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं हनुमान मंदिर से आस्था रखने बाले चौधरी हाकिम सिंह ने लगातार क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय थाना पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा था कि नगर में मंदिरों में हुई चोरियो की वारदातो को अभी भुला भी नही पाए थे आज फिर एक ऐतिहासिक रूर सिद्ध मंदिर से लाखों रुपये की चोरी हुई है पहले भी इस मंदिर से दानपत्र चोरी हुआ था और बीते वर्ष एक पुजारी की भी हत्या हुई थी।अगर पुलिस ने 15 दिन के अंदर इस चोरी का खुलासा नही हुआ तो कॉंग्रेस कमेटी का ब्लॉक अध्यक्ष होने के नाते शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करूँगा क्यो कि इस मामले में पुलिस प्रशासन दोषी है पुलिस सिर्फ नगर में पैसे कमाने में लगी है रेत, स्मैक, गांजा, सीसम के पेड़ो को कटवाने का कार्य कर रही है पुलिस का भय खत्म होने से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते रोज पहले भी पूर्व मंत्री व लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह ने भी दबोह थाना प्रभारी पर आरोप लगाए थे और जल्द ही थाने का घेराव करने की बात कही थी।

# धनौली गांव निवासी समाजसेवी हरिओम भदोरिया द्वारा गोहद इलाके के धमसा गांव निवासी मुलायम नागर की बेटी की कराई शादी

## शादी का उठाया पूरा खर्चा

**पुष्पांजली टुडे**



**मेहगांव /** धामसा गांव निवासी मुलायम नागर ने अपनी बेटी रजनी की शादी मुरैना जिले के हिंगावली गांव निवासी सूरज के साथ तय की थी जब शादी नजदीक आई तब आर्थिक माली हालत खराब होने में चलते हुए शादी करने में अपने आप को असमर्थ महसूस कर रहे थे मुलायम नगर की परेशानी समाजसेवी मेहगांव के धनौली निवासी हरिओम भदौरिया को लगी तो वह धमसा गांव पहुंचकर मुलायम को सांत्वना दी और शादी का पूरा खर्चा उठाने की बात कही, शादी के 4 दिन पहले हरिओम ने खाने पीने से लेकर दान दहेज का पूरा सामान बाजार से मुलायम को खरीदबाया और 24 जून को धमसा गांव पहुंचकर स्वयं बरात की आगबानी की ओर दरवाजा की रस्म अदायगी की,25 जून को बेटी रजनी की विदाई भी की, हरिओम भदोरिया के कार्य की सभी जगह प्रशंसा हो रही है हरिओम भदौरिया का कहना है कि ईश्वर ने हमको सामर्थ्य वान बनाया है हमें लोगों का सहयोग करना ही चाहिए और इन चीजों से प्रेरित होकर अगर कोई और भी ऐसे कार्य करता है तो हमारा यह कार्य सफल होगा, आपको बता दें कि हरिओम भदोरिया ने पचेरा गांव निवासी नरेश सिंह कुशवाह को उनकी 3 बीघा जमीन जिसकी कीमत 20 लाख रुपए की स्वंम के रजिस्ट्री खर्चे पर वापस की 50 साल पहले नरेश सिंह कुशवाहा के पिता सरमन सिंह ने धनोली गांव निवासी हरिओम भदोरिया के पिता जनक सिंह के पास मात्र 13 सौ रुपये में गिरवी रखी थी और उसको उठा नहीं पाया था और उनकी मृत्यु हो गई थी साथ ही हरिओम के पिता जनक सिंह की भी साल पहले लकी हो चुकी थी जब समाजसेवी हरिओम भदोरिया ने नरेश कुशवाहा पीड़ा देखी तो अपने बैनामा खर्चे से जमीन को बिना पैसे लिए नरेश सिंह कुशवाहा को वापस कर दिया था।

# कोरोना से बचाव हेतु निशुल्क औषधि वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**





**एटा।** राज्य मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण एवं जनपद के प्रभारी अतुल गर्ग ने लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंचने के उपरान्त शीतलपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम असरौली में प्राथमिक विद्यालय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कोरोना से बचाव के लिए निशुल्क औषधि वितरण समारोह में प्रतिभाग किया। प्रभारी मंत्री ने इस दौरान असरौली, बदरिया, कसेटी, ककरावली, बारथर, दूल्हापुर आदि ग्रामों की निगरानी समिति के सदस्यों को बच्चों को दी जाने वाली कोविड-19 की दवाई की किट वितरित की।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जो भी सावधानियां बरती हैं, उन सभी सावधानियों को आगामी समय में भी बरता जाए। तीसरी लहर से बच्चों को बचाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं, निगरानी समिति के सदस्यों को जीरो से एक वर्ष, एक से पांच वर्ष, पांच से बारह वर्ष, बारह से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए चार प्रकार की मेडीसिन किट दी जा रही हैं। इसके अलावा जनपद में चार ऑक्सीजन प्लांट का कार्य जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

निशुल्क औषधि वितरण समारोह के दौरान एमएलसी धर्मवीर प्रजापति, मारहरा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी, जलेसर विधायक संजीव कुमार दिवाकर, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, महामंत्री सुशील गुप्ता सहित अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण एलईडी के माध्यम से किया गया, जिसको सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, निगरानी समिति के सदस्यों ने गंभीरतापूर्वक सुना।

# जिले के 6 गांव में 100% हुआ कोविड वैक्सीन का टीकाकरण

### लांजी एसडीएम रविन्द्र परमार की तरकीब का कमाल, सर्वाधिक टीकाकरण लांजी में

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ ,पुष्पांजली टुडे**





**बालाघाट /** टीकाकरण महाअभियान के माध्यम से कोरोनावायरस संक्रमण से बचाव के लिए बालाघाट जिले में 18 वर्ष से अधिक की आयु के सभी लोगों को कोविड वैक्सीन का टीका लगाया जा रहा है। जिले में कोविड वैक्सीन टीकाकरण के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार एवं जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। बालाघाट जिले में अब तक 4 लाख 07 हजार से अधिक लोगों को कोविड वैक्सीन का टीका लगाया जा चुका है। जिले के 6 गांव ऐसे हैं, जिनमें 18 से अधिक की आयु के शत प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन का टीका लग चुका है और इन गांव को शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण युक्त गांव का दर्जा हासिल हो गया है

लांजी तहसील के 5 और वारासिवनी तहसील के 1 गांव में शत-प्रतिशत वेक्सीनेशन*

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले के जिन गांव में शत-प्रतिशत कोविड वैक्सीन का टीकाकरण हुआ है, उनमें सबसे अधिक 5 ग्राम सिंगोला, देवलगांव, ककोड़ी, सावरीकला, घंसा ये सभी लांजी तहसील के हैं और एक ग्राम वारासिवनी तहसील का एकोड़ी है। कोविड वैक्सीन टीकाकरण में लांजी तहसील में सबसे अच्छा काम हुआ है।

*अंतरराज्यीय सिमाओं से सटे गांवों पर रही विशेष नजर- श्री रविंद्र परमार एसडीएम लांजी*

लांजी एसडीएम श्री रविंद्र परमार ने बताया कि राजस्व अनुविभाग लांजी के अंतर्गत आने वाले गांव, जो महाराष्ट्र की सीमा से लगे हैं और जिनमें महाराष्ट्र से लोगों का अधिक आना जाना लगा रहता है उनके टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है । जिसके फल स्वरुप सिंगोला, देवलगांव, ककोड़ी, सावरीकला और घंसा में 18 वर्ष से अधिक आयु के शत प्रतिशत लोगों को कोविड वैक्सीन का टीका लगाया जा चुका है। इन ग्रामों के केवल वे ही लोग टीका लगाने से छूट गए हैं जो गांव से बाहर जा चुके हैं या गर्भवती माताएं हैं । इन गांवों में शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए ग्रामीणों की जागरूकता के साथ-साथ सरपंच सचिव एवं शासकीय अमले के अथक प्रयास भी मददगार रहे हैं एसडीएम श्री परमार ने बताया कि उनका प्रयास है कि महाराष्ट्र की सीमा से लगे सभी गांव को शीघ्रता से शत-प्रतिशत टीकाकरण करा लिया जाए जिससे इन ग्रामों में कोरोना की तीसरी लहर का कोई असर न हो सके। श्री परमार ने बताया कि जिन ग्रामों में कोविड वैक्सीनेशन शत प्रतिशत हो गया है उन गांव के प्रधान, सचिव, रोजगार सहायक को सम्मानित किया जा रहा है।



# अखिल भारतीय खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ का रक्तदान शिविर संपन्न

### प्रथम रक्तदान शिविर में युवाओं की उत्साह पूर्व भागीदारी

**विनोद पाठक ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

**श्योपुर-** अखिल भारतीय खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ का रक्तदान शिविर खटीक समाज के सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ के इस प्रथम रक्तदान शिविर में युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक भागीदारी की इस अवसर पर समाज के युवा दंपति इंजीनियर मुकेश आर्य पत्नी पायल आर्य के द्वारा रक्तदान कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया अखिल भारतीय खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ का प्रथम रक्तदान सफलतापूर्वक रहा जिसमें 29 यूनिट रक्तदान हुआ इस रक्तदान शिविर के कार्यक्रम में उपस्थित अखिल भारतीय खटीक समाज के जिला अध्यक्ष श्री आसाराम सांवरिया जी अखिल भारतीय खटीक समाज युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री सुनील चेतीवाल जी युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं भाजपा अजा मोर्चा के जिला महामंत्री श्री महेंद्र आर्य आदि रक्त दाताओं के द्वारा 29 यूनिट रक्तदान किया गया!

दबोह पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

# 15 दिन बीत जाने के बाद भी नही हुआ मन्दिर की चोरी का खुलासा

## दबोह की जनता ने की टीआई रामबाबू यादव की मांग

अर्पित गुप्ता, दबोह(पुष्पांजली टुडे)।

भिण्ड जिले के लहार अनुभाग के अंतर्गत थाना दबोह में पुलिस की लगातार निष्क्रियता पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं क्योंकि सूत्रों की माने तो दबोह थाना पुलिस द्वारा और रेत व अन्य अवैध कारोबारों को बढ़ावा दिया जा रहा है।क्षेत्र में लगातार लगभग दर्जन भर चोरियाँ होना और फिर वही चोर कानून के लंबे हाथों से कोशो दूर नजर आ रहे हैं।यहां बताना मुनासिब होगा कि दबोह थाने की कमान वर्ष 2021 जनवरी माह में निरीक्षक प्रमोद साहू के हाथों में सौंपी गई थी जिसके बाद से नगर में इन 6 महीनों में आपराधिक ग्राफ कई हद तक बढ़ा।चाहे फिर बात क्षेत्र में चल रहे रेत के अवैध परिवहन की हो या फिर जुए,चरस,गांजे,सीसम की लकड़ी कटवाना व पुलिस द्वारा की जा रही अवैध स्टैंड बसूली की।साथ ही नगर में सक्रिय चोर गिरोह लगातार मंदिरों,घरों व दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं और दबोह पुलिस चैन की बंशी बजाते हुए आराम कर रही हैं।यहां बता दे कि दबोह में रात्रि गस्त पूरी तरह बंद है गस्त के नाम पर सड़को पर कभी कभी डायल 100 सायरन बजाती नजर आती है।सूत्रों की माने तो डायल 100 की यह गाड़ी एक आरक्षक समेत चौराहे पर खड़ी हो जाती है और चैन की सांस लेती है और दूसरा रात्रि गस्त थाने में पदस्थ कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के हाथ है जो अपनी डिस्कवर बाइक से चारो तरफ सिर्फ अवैध रेत के ट्रेक्टरों को निकालने का काम करता है।

### पब्लिक व्यू:दबोह क्षेत्र की जनता ने की दबंग निरीक्षक रामबाबू यादव की मांग

लगातार नगर में बढ़ रहे आपराधिक ग्राफ व चोरियों के चलते दबोह क्षेत्र की जनता ने भिण्ड जिले में पदस्थ रह चुके दबंग थाना प्रभारी रामबाबू यादव की मांग की है।जनता का कहना है कि जबसे थाना प्रभारी साहू ने दबोह थाने की कमान संभाली है तबसे वह सिर्फ रेत में अवैध व्यापार को सुचारू रूप से संचालित कराने में व्यस्त हैं।नगर में लगातार दर्जनभर चोरियों का होना पुलिस के मुंह पर एक करारा तमाचा है क्यों कि इन चोरियों के चोर आज तक पुलिस की गिरफ्त से कोशो दूर हैं।यहां बता दें कि भिण्ड जिले में अपनी कार्यशैली का परचम लहराने वाले निरीक्षक रामबाबू यादव लहार,असवार,भारौली,मौ आदि थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और एक अलग ही पहचान कायम कर चुके हैं क्योंकि उन्होंने अपने कार्यकाल में हर जगह चोरी,मर्डर,अपहरण आदि केशो का खुलासा समय रहते हुए किया और अपराधियों को दाखिले हवालात किया।निरीक्षक रामबाबू यादव के द्वारा पूर्व में भिण्ड जिले के धार्मिक मन्दिर डॉक्टर हनुमान के नाम से पहचाने जाने वाले दंदरौआ धाम पर हुई बीते वर्ष 14-15 जून की दरमियान हुई लाखो की चोरी का खुलासा 24 घण्टे के अंदर चोरो को दाखिले हवालात करते हुए किया था।साथ ही निरीक्षक रामबाबू यादव के द्वारा गोहद का अपहरण,राजू अग्रवाल की डकैती,राजगढ़ में नरसिंग गढ़ आशीष भंडारी का ब्लाइंड मर्डर,लहार में आकाश कुशवाह के यहां हुई लाखो की चोरी के साथ साथ अन्य भी कई ऐसे केशो को अपराधियो को कुछ ही समय मे पकड़कर दाखिले हवालात किया गया।जिसके बाद बीते रोज 12 जून 2021 को लहार अनुभाग के थाना दबोह के अंतर्गत प्रसिद्ध हनुमान मंदिर रूर सरकार चोरी में शामिल चोरो को पुलिस अब तक 15 दिन बीत जाने के बाद भी न पकड़ पाई जिसके चलते क्षेत्रीय जनता ने वरिष्ठ अधिकारियों से निरीक्षक रामबाबू यादव को मन्दिर की चोरी व अन्य चोरियों का खुलासा करने की कमान सौंपने की बात कही।पब्लिक व्यू की माने तो जनता का कहना है कि अगर चोरी का खुलासा करने की कमान निरीक्षक रामबाबू यादव को दे दी जाए तो जल्द ही मन्दिर सहित नगर में हुई लगभग दर्जनभर चोरियों का खुलासा हो जाएगा।



### हनुमान मंदिर रूर सरकार की मन्दिर की चोरी का यह था पूरा मामला

11-12 जून 2021 की रात दबोह नगर व क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर रूर सरकार पर चोरो ने चोरी को अंजाम दिया था और मन्दिर से हनुमान जी का चांदी का मुकुट,छत्र,मन्दिर के तीन घण्टे जिनका बजन करीब एक कुंटल बताया जा रहा के साथ साथ कमरे में रखे राम दरबार के गहने,प्रसाद के लिए रखी किसमिस,मिठाई,अखण्ड ज्योति जलाने के लिए रखा पाँच किलो घी पुजारी के दो जोड़े कुर्ता-पाजामा और हायरवेस्टर की दो बैटरी सहित दानपत्र भी ले गए थे।परन्तु मन्दिर का दानपत्र मन्दिर के पास ही एक खेत मे पड़ा मिला था।पुजारी के अनुसार चोर लगभग एक लाख से अधिक रुपयों के सामान पर हाथ साफ कर गए।पुजारी के अनुसार यह घटना रात दो से तीन बजे के बीच की बताई जा रही हैं उस समय मन्दिर पर पुजारी रामेश्वर दादा के अलावा दो अन्य लोग भी लेटे हुए थे चोरो की संख्या आठ दस बताई जा रही हैं जो एक फ़ॉर व्हीलर में आये थे। यहां बता दें कि इसके पूर्व भी चोरो ने दबोह थाने से मात्र 10 कदम की दूरी पर माँ छिन्नमस्ता देवी मंदिर तथा बार्ड न 15 कुरचानियां मोहल्ला में स्थित हनुमान जी के मन्दिरो में भी चोरो का गिरोह चोरी कर दानपत्र ले गए थे दोनों मन्दिरो की दानपत्र मन्दिर से कुछ दूरी पर डले हुए मिले थे तथा बीते रोज चोरो ने गल्ले की दुकानों व किराने की दुकानों को भी अपना निशाना बनाया था पर दबोह पुलिस ने सभी चोरियों के आवेदन तो ले लिए थे पर आज तक एक भी चोरी का पता नही लगा पाई बस आवेदन लेकर अपनी कार्यवाही की इति श्री कर लेती है।और नगर में हुई दर्जनों चोरियों में से एक भी चोरी का पर्दाफास नही कर पाई है चोरो ने नगर के ऐतिहासिक मन्दिर से चोरी करके दबोह पुलिस को खुली चुनोती दे दी थी।

### मन्दिर की चोरी को लेकर कॉंग्रेस ने दी थी दबोह पुलिस को खुली चेतावनी

हनुमान मंदिर रूर सरकार पर चोरी होने के बाद ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं हनुमान मंदिर से आस्था रखने बाले चौधरी हाकिम सिंह ने लगातार क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर स्थानीय थाना पुलिस पर निशाना साधते हुए कहा था कि नगर में मंदिरों में हुई चोरियो की वारदातो को अभी भुला भी नही पाए थे आज फिर एक ऐतिहासिक रूर सिद्ध मंदिर से लाखों रुपये की चोरी हुई है पहले भी इस मंदिर से दानपत्र चोरी हुआ था और बीते वर्ष एक पुजारी की भी हत्या हुई थी।अगर पुलिस ने 15 दिन के अंदर इस चोरी का खुलासा नही हुआ तो कॉंग्रेस कमेटी का ब्लॉक अध्यक्ष होने के नाते शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करूँगा क्यो कि इस मामले में पुलिस प्रशासन दोषी है पुलिस सिर्फ नगर में पैसे कमाने में लगी है रेत,स्मैक,गांजा,पेड़ो को कटवाने का कार्य कर रही है पुलिस का भय खत्म होने से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।

### थाना प्रभारी जबसे हुए पदस्थ तबसे अपराधी हुए मदमस्त

यहां बताना मुनासिब होगा कि जबसे दबोह थाने की कमान थाना निरीक्षक प्रमोद साहू के हाथों में आई है तबसे ही नगर में आपराधिक ग्राफ बढ़ गया है।चाहे फिर बात चरस,स्मेक,जुआ,अवैध रेत का व्यापार,चोरियां व अन्य सभी अवैध व्यापारों की हो।देखा जाए तो पूर्व वर्ष में थाना दबोह में पदस्थ रहे थाना प्रभारी विजय सिंह तोमर व थाना प्रभारी विनोद विनायक करकरे के समय अपराधों का ग्राफ बहुत कम हो गया था परन्तु जबसे महोदय ने थाने की कमान संभाली है तभी से बाजार में एक कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के द्वारा अवैध रूप से स्टैंड बसूली,अवैध रूप से रेत का परिवहन व अन्य सभी अवैध व्यापारों में बढ़ोतरी हुई है।जिसके चलते बीते रोज पूर्व केबिनेट मंत्री लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह ने भी थाना दबोह पर निशाना साधा था।फिलहाल तो कहना यह होगा कि अगर ऐसा ही हाल रहा तो नगर में आपराधिक ग्राफ का

---

प्रकृति की बात प्रकृति के साथ करते हुए पर्यावरण मंथन पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण के प्रणेता रहे डॉ. शर्मा जी

पुष्पांजली टुडे



भिण्ड। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी रहे स्वर्गीय डॉ. श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में आज 27 जून दिन रविवार को गफ्फार मैरिज गार्डन में पर्यावरण मंथन एवं तुलसी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधु सामाजिक संगठनों के सदस्यगण और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

पर्यावरण मंथन संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने कहा कि मृदा प्रदूषण,वायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग आदि पर्यावरण असंतुलन के परिणाम है। पर्यावरण का सीधा संबंध प्रकृति से है हम तरह-तरह के जीव-जंतु, पेड़ -पौधे तथा अन्य सजीव- निर्जीव वस्तुएं पाते हैं। आज आधुनिक समाज को पर्यावरण से संबंधित समस्याओं की विस्तृत अध्ययन के साथ-साथ पर्यावरण का व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाए। इसी क्रम में हरे कृष्ण शर्मा ने कहा कि हम अपने पर्यावरण को संतुलित रखने हेतु चिंतन करें और पर्यावरणीय संसाधनों का इस प्रकार युक्त उपयोग करें कि होने आने वाली पीढ़ियों को भी हम धरोहर के रूप में हस्तांतरित कर सकें। पर्यावरण संगोष्ठी में शशिकांत शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में मुख्य बाधक बढ़ती जनसंख्या व प्रगति के नाम पर आर्थिक लाभ के लिए वनों को अधिवक्ता गति से काटा जाना बताया उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों लोगों को यह संकल्प लेना चाहिए कि एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। इसी क्रम में मातृ शक्ति के रूप में आशा भदौरिया ने कहा कि भारत में सभ्यता संस्कृति आर्थिक नीति रहन-सहन पहनावे भाषा बोली की व्यवस्था है फिर भी इन सभी में जीवन के लिए नितांत आवश्यक है शुद्ध हवा पानी सभी को ऑक्सीजन चाहिए तो ऐसे में पर्यावरणीय समर सत्ता स्थापित होनी चाहिए। संगोष्ठी को संबोधित रमन दीदी, श्रीमती आभा जैन,नीतू राजावत, श्रवण पाठक,सुरेंद्र भदौरिया, राहुल राजावत, प्रिंस भदौरिया, गिरीश शर्मा, नितिन दिक्षित राजमणि शर्मा, विपुल सेठ शैलेश सक्सेना, अब्बास अहमद, इमरान खान, हसरत अली आदि ने भी संबोधित किया। पर्यावरण संगोष्ठी का संचालन प्रोफेसर इकबाल अली और आभार स्वर्गीय डॉ. श्याम बिहारी शर्मा जी के बड़े सुपुत्र जय प्रकाश शर्मा ने किया।

---



### केंमेगौड़ा की तस्वीर पर माला पुष्प अर्पण कर जंयती मनाई

पुष्पांजली टुडे

मैसूरु.कन्नड़ सेना पड़े संघ के तत्वावधान में लोक देवता व बेंगलूरु नगर निर्माता कैम्पेगौड़ा की जयंती मनाई गई द्य सर्व प्रथम केंपेगौड़ा की तस्वीर पर माला पहनाकर पुष्प अर्पण किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मैसूरु दशहरा वस्तु प्रदर्शनी मैदान प्राधिकरण के अध्यक्ष हेमंत गौड़ा रहे द्य हेमंत गौड़ा व समाजदसेवी रघुराम वाजपई तथा बनूर महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने अपने सम्बोधन में लोक देवता केंपेगौड़ा के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला द्य इस दौरान संघ के अध्यक्ष तेजस लोकेश गौड़ा सदस्य एसई गिरीश सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे ।

---

# मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने समाज के हर बर्ग को छुआ हैः थापक

संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे



गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी दुआरा आज 27 जून को पीएम नरेंद मोदी के मन की बात कार्यक्रम को अपने 64 बूथ केंद्रों पर पार्टी कार्यकर्ताओं एबम बरिष्ठ नेताओ मंडल पदाधिकारीयो दुआरा रेडियो एबम टीवी के माध्यम से सुना गया।इस अबसर पर वार्ड नं 12 में मंडल अध्यक्ष के आवास पर आयोजित मन की बात कार्यकर्म के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा की पीएम नरेंद मोदी के मन की बात कार्यक्रम को समाज के हर बर्ग युवा छात्र व्यपारी किसान मजदूर कर्मचारी हर किसी को जरूर सुनना चाहिये पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम में हर बर्ग के बारे में अपने विचार और उनके विकाष की योजना पर चर्चा जरूर करते है बो देश को एक नई दिशा देने की बात करते है जो लोग समाज मे खुद की दम पर कुछ बिसेष करने की कोसिश करते है मोदी जी ऐसे लोगो की चर्चा जरूर करते है।गोरमी मंडल के ग्राम पंचायत कुटरोली में मंडल मीडिया प्रभारी एवंम बूथ अध्यक्ष संतोष सिंहभदौरिया तथा मंडल कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर इसी प्रकार अलग अलग बूथ केंद्रों पर कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनी ग्राम पंचायत सुकाण्ड में बूथ अध्यक्ष शीतल सिंह गुर्जर के साथ कार्यकर्ताओ ने मन की बात सुनी ग्राम पंचायत कल्याणपूरा एबम तेजपुरा के कार्यकर्ताओं ने कटारे फार्म हाउस पर मन की बात सुनी। ग्राम सीताराम की लाउंन में ऋषिकेश शर्मा दिवाकर शर्मा जितेंद्र गुर्जर ने बूथ केंद्र पर मन की बात सुनी। गोरमी नगर के कार्यकर्म में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री निर्मल आर्य बरिष्ठ नेता जयवीर पुरोहित अरविंद वर्मा पटेल यादव मोनू शर्मा राजेश मिश्रा रणवीर परमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



### रूपावास में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदीजी के मन की बात सुनी

नेनाराम सिरवी पाली निकटवर्ती ग्राम पंचायत रूपावास आंजणा पटेल भवन में भारतीय जनता पार्टी के नेता हरिभाई पटेल के नेतृत्व में राज्य और केन्द्र सरकार के निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए घर में ही अपने परिवार के साथ बेठकर टीवी नेटवर्क के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विभिन्न प्रकार मन की बात को ध्यान से सुनकर बहुत खुशियाँ प्राप्त हुई । इस मौके पर पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल व कविता पटेल पुर्व प्रधान श्रवण बंजारा सावलराम डायाराम खारेड नरसिंह राम ढलाराम भाटी उदाराम चोथारम सुरेश चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

---

# सीरवी समाज भवन वडेर तमिलनाडु ट्रिप्लीकेन टीकाकरण अभ्यान सफलता पूर्ण सम्पन्न हुआ

पुष्पांजली टुडे



चैन्नई– ग्रेटर चैन्नई कॉर्पोरेशन के तत्वावधान में वार रविवार दिनांक 27/06/ 2021 को ट्रिप्लीकेन स्तिथ सीरवी समाज भवन में टीकाकरण अभ्यान कैम्प रखा इस कैम्प में 18+ साल से ऊपर की आयु के नागरिकों का मुफ्त टीकाकरण किया गया इस कैम्प का व्यवस्थापन सीरवी समाज ट्रस्ट-तमिलनाडु महासभा एवं ट्रिप्लीकेन कार्यकारिणी द्वारा किया गया कैम्प में लगभग 180 लोगों का वेक्कसीन टीका लगाया गया और दोपहर 2.00 बजे विधायक उदयानिधि स्टालिन सीरवी समाज वडेर में पधार कर टीकाकरण की जानकारी प्राप्त की उस समय सीरवी समाज के सदस्यों ने विधायक साहब का साफा सॉल मॉला और गुलदस्ता द्वारा स्वागत किया

### महासभा अध्यक्ष बक्ताराम सोलंकी

महासभा सचिव विरेन्द्र पंवार साहब एवं समस्त कार्यकरणी और सीरवी समाज ट्रिप्लीकेन अध्यक्ष कालुराम पंवार साहब सचिव खेताराम गहलोत एवं कार्यकरणी सदस्यों का बहुत सहयोग रहा है बिन्जाराम परिहार ढगलाराम चोयल रतनलाल परिहार भोलाराम गहलोत टुआराम गहलोत कुकाराम गहलोत हरीराम गहलोत ढगलाराम आगलेचा सभी सदस्यों का तेहदिल से आभार जो तन और मन से आप ने सेवा दे कर शिविर को सफल बनाया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीरवी समाज महासभा अध्यक्ष बक्ताराम सोलंकी ने अपना किमती समय निकाल कर समाज को समय दिया इसके लिए सोलंकी का आभार व्यक्त किया।

---

# तुलसी पौधे का वितरण हुआ

भिण्ड। स्वर्गीय श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में पर्यावरण मंथन और तुलसी पौधे वितरण का कार्यक्रम किया गया। पर्यावरण संगोष्ठी में उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों के सदस्य गण पत्रकार बंधुओं और प्रबुद्ध जनों को श्याम बिहारी शर्मा जी की नाती राम शर्मा और नातिनि मनू शर्मा ने एक-एक तुलसी के पौधे दिए। इस अवसर पर सुनील भदौरिया,मुकेश मिश्रा, देवेंद्र बघेल, प्रधुम्न सिंह भदोरिया, राजेश पाराशर, अनिल शर्मा, रफीक अहमद, विकास नागर, धर्मवीर यादव, उपेंद्र मिश्रा, डॉ प्रभात उपाध्याय, प्रदीप भदोरिया,नीरज भदौरिया, बाबूराम खन्ना आदि उपस्थित थे।

---

# विश्वहिंदू परिषद / बजरंग दल जिला की बैठक सम्पन्न

संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे




भिंड/ संघ कार्यालय भिंड में विश्व हिंदू परिषद /बजरंग दल की जिला बैठक का आयोजन कोविड गाइडलाइन के अंतर्गत किया गया जिसमें बैठक का संचालन श्री अशोक कुमार सोनी जिला मंत्री विहिप ने किया* बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में माननीय खगेंद्र भार्गव जी प्रान्त संघठन मंत्री मध्य भारत विहिप मंचासीन रहे !

बैठक पद्धति के अनुसार भगवान श्री राम दरबार का पूजन कर बैठक प्रारंभ हुई जिसमें श्री भार्गव जी ने बताया जो व्यक्ति संघठन के नियम अनुसार कार्य करेगा, वही संघठन का कार्यकर्ता बनेगा संघठन की विचारधारा कार्यकर्ता की विचारधारा होनी चाहिए, हम सब कार्यकर्ताओं की पहचान संघठन के ही रूप में होती है हमारा जो संकल्प है वह पूरा करने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर संघठन के विचार व अपना धेय ग्राम इकाई तक पहुंचे हमारे हिंदू समाज का हर वर्ग व हर व्यक्ति संघठन से वंचित ना हो पाए ।

हमारे देश पर कोरोना महामारी जैसी आपदा में संघटन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जिस तरह देश भर में दिन और रात मेहनत की तथा बेसहारा लोगों की हर सम्भव मदद की एवं शासन और प्रशासन के साथ भी सहयोगी मोर्चा के रूप में डटे रहे

हम सभी को अपने धर्म के प्रति दृण संकल्पित होना होगा तथा धर्मान्तरण और लव जिहाद पर जो लोग सक्रियता दिखा रहे हैं उन पर विशेष नज़र रख कर धर्मान्तरण और लव जिहाद को पूर्ण रूप से समाप्त करना होगा।

बैठक में उपस्थित रिपुदमन सिंह - प्रान्त महाविद्यालय प्रमुख,प्रतिमा शर्मा प्रान्त संयोजिका दुर्गा वाहिनी,पिंकू परमार विभाग सह संयोजक,कृष्णकांता तोमर पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग ,रमेश बंसल कार्यकारी अध्यक्ष,

भगवान सिंह फौजी जिला कोषाध्यक्ष,कल्पना सोनी जिला संयोजिका मातृशक्ति,

,बादशाह गुर्जर जिला संयोजक,सानुज चौहान जिला सह संयोजक,विवेक थापक जिला प्रचार प्रसार प्रमुख,लक्की भदौरिया सह अखाड़ा प्रमुख,

अपूर्व लोहिया सह प्रचार प्रमुख अहिवरन सिंह प्रखंड अध्यक्ष,संत कुमार पचौरी सह प्रखंड मंत्री ,मनोज दीक्षित प्रखंड मंत्री मौ अमायन,योगेश शर्मा प्रखंड संयोजक,आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

cmyk
# पुष्पांजली टुडे
भिंड
ग्वालियर, सोमवार 28 जून, 2021


## पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम भिंड जिले के 1480 मतदान केंद्रों पर संपन्न हुआ कार्यक्रम

### वीडियो कॉन्फ्रेंस और टीवी चैनलों रेडियो माध्यम से सुने उनके विचार

### पीएम नरेंद्र मोदी की मन की बात के विचारों को कार्यकर्ता पोलिंग बूथ हो तक पहुंचाएं: नाथू सिंह गुर्जर

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भिंड जिले के सभी 26 मंडलों के 1480 बूथ केंद्रों एवं बूथ अध्यक्ष एबम बरिष्ठ नेताओ के आवास पर पीएम नरेंद मोदी के मन की बात प्रसारित कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ नेतागणएसहित कार्यकर्ता को शामिल हुए, इस कार्यक्रम को सभी मंडलों मंडल के बूथ अध्यक्ष, पालक संयोजक,सह संयोजक मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं लहार मंडल में निवास करने वाले पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ताओं को उपस्थित होकर अपने अपने बूथ स्तर व ग्राम केंद एवम घरों पर चुना गया। भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने देश के खिलाड़ियों युवाओं महिलाओं एवं किसानों गरीब मजदूरों के लिए अपने विचारों से हमें प्रेरणा दी है जिसे पार्टी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए सर्व समाज के लोगों के घर.घर तक पहुंचाने का कार्य की जिम्मेदारी का लक्ष्य संभाल कर कार्य करें ताकि मोदी जी के विचार भाव उन तक पहुंच सके।

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम के दौरान भारत में खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं को निखारने वाले खिलाड़ियों के प्रति कहा कि यह भारत खेल के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं ऐसे कई खिलाड़ी है जिन्होंने भारत के गौरव को बढ़ाया है। पीएम मोदी ने कहा 21 जून को एक ही दिन में पूरे भारतवर्ष मैं कोविड-19 से बचाव कार्य के लिए वैक्सीनेशन टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया था जिसमें 86 लाख मुफ्त में लोगों ने टीका लगवाए जिसमें जन सेवा भाव से काम करने वाले सभी युवाओं सर्व समाज की जनता ने भाग लेकर इस अभियान को गति प्रदान की है साथ ही उन्होंने 18 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए भी वैक्सीन लगवाने के लिए युवाओं को जग किया। उन्होंने कहा देश की जनता को मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा जो लोग वैक्सीन टीकाकरण अभियान में जनता को झूठा भ्रमित करने का काम कर रहे हैं ऐसे लोगों से हमें सावधान रहना है गांव गांव का हर बूथ कोविड.19 से मुक्त हो इसके लिए आप सब की सुरक्षा का संकल्प हमारे पास है हमने मुफ्त में वैक्सीन लगवाने का निर्णय लेकर आप सब की रक्षा करने का कार्य किया है इस महामारी से बचने के लिए बक्सर ही सुरक्षा कवच है और अधिक से अधिक संख्या में मास्क पहनकर घर में रहे सुरक्षित रहें यह जिम्मेदारी हम सबको अपने दायित्व को सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष लोकसभा सांसद संध्या राय, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदोरिया, नगरीय प्रशासन आवास मंत्री ओ पी एस भदौरिया, पूर्व विधायकों में वरिष्ठ नेता रसाल सिंह मथुरा प्रसाद, महंत शिव शंकर समाधिया, श्री राम जाटव मुन्ना सिंह भदौरिया एवं सभी बूथ अध्यक्ष और स्थानी समिति के साथ-साथ सर्व समाज के मतदाताओं ने भी पीएम नरेंद्र मोदी जी के विचारों को सुना।




## प्रकृति की बात प्रकृति के साथ करते हुए, पर्यावरण मंथन पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

### पर्यावरण मंथन एवं तुलसी वितरण कार्यक्रम का आयोजन

भिण्ड। भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी रहे स्व. डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की स्मृति में 27 जून दिन रविवार को गफ्फार मैरिज गार्डन में पर्यावरण मंथन एवं तुलसी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधु सामाजिक संगठनों के सदस्यगण और प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। पर्यावरण मंथन संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने कहा कि मृदा प्रदूषणएवायु प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग आदि पर्यावरण असंतुलन के परिणाम है। पर्यावरण का सीधा संबंध प्रकृति से है हम तरह.तरह के जीव.जंतुए पेड़-पौधे तथा अन्य सजीव. निर्जीव वस्तुएं पाते हैं। आज आधुनिक समाज को पर्यावरण से संबंधित समस्याओं की विस्तृत अध्ययन के साथ-साथ पर्यावरण का व्यवहारिक ज्ञान भी दिया जाए। इसी क्रम में हरे कृष्ण शर्मा ने कहा कि हम अपने पर्यावरण को संतुलित रखने हेतु चिंतन करें और पर्यावरणीय संसाधनों का इस प्रकार युक्त उपयोग करें कि होने आने वाली पीढ़ियों को भी हम धरोहर के रूप में हस्तांतरित कर सकें। पर्यावरण संगोष्ठी में शशिकांत शर्मा ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण में मुख्य बाधक बढ़ती जनसंख्या व प्रगति के नाम पर आर्थिक लाभ के लिए वनों को अधिवक्ता गति से काटा जाना बताया उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों लोगों को यह संकल्प लेना चाहिए कि एक-एक पौधा अवश्य लगाएं। इसी क्रम में मातृ शक्ति के रूप में आशा भदौरिया ने कहा कि भारत में सभ्यता संस्कृति आर्थिक नीति रहन-सहन पहनावे भाषा बोली की व्यवस्था है फिर भी इन सभी में जीवन के लिए नितांत आवश्यक है।



## सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ भदौरिया का दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम

### अटेर क्षेत्र के अनेक ग्रामों में विकास कार्यो का लोकापर्ण/भूमिजन करेंगे



भिण्ड। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 30 जून एवं 01 जुलाई 2021 को दो दिवसीय प्रवास के दौरान अटेर क्षेत्र के ग्रामों में विकास कार्यो का लोकापर्ण/भूमिपूजन करेंगे करेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 30 जून 2021 को प्रातः8 बजे ग्वालियर से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः10 बजे अटेर क्षेत्र के ग्राम रजपुरा आएंगे एवं विकास कार्यो का लोकापर्ण/भूमिपूजन करेंगे। लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया प्रातः11 बजे ग्राम बैंदीपुरा, दोपहर 12 बजे ग्राम जंजारीपुरा, दोपहर 1 बजे पाली, दोपहर 2 बजे ग्राम पावई, अपरान्ह 3 बजे ग्राम पिथनपुरा, अपरान्ह 4 बजे ग्राम नरसिंहगढ, सायं 5 बजे ग्राम जारी, सायं 6 बजे ग्राम देहरा में अनेक विकास कार्यो का लोकापर्ण एवं भूमिपूजन करेंगे एवं रात्रि विश्राम भिण्ड में ही करेंगे।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया 01 जुलाई 2021 को प्रातः 9 बजे जिला चिकित्सालय भिण्ड के परिसर में अक्सीजन प्लांट/33 केवी विद्युत सब स्टेशन/ 30 ऑक्सीजन कन्सट्रेटर का लोकापर्ण करेंगे। सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया प्रातः9.30 बजे जिला चिकित्सलय भिण्ड के पास सीटी स्केन मशीन का लोकापर्ण करने के बाद प्रातः10 बजे कोतवाली भिण्ड में महिला पुलिस थाना का शुभारंभ करेंगे। लोक से वा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया प्रातः10.30 बजे कार द्वारा ग्राम जनोरा के लिए प्रस्थान कर प्रातः11.30 बजे ग्राम जनोरा में विकास कार्यो का लोकापर्ण/भूमिपूजन करने के बाद दोपहर 1 बजे ग्राम बलारपुर, दोपहर 2 बजे ग्राम घिनौची, अपरान्ह 3 बजे ग्राम नावली वृन्दावन (खैराट), अपरान्ह 4 बजे ग्राम अटेर में विभिन्न विकास कार्यो का लाकापर्ण/ भूमिजन करेंगे। इसके बाद मंत्री डॉ भदौरिया सायं 6 बजे भिण्ड से कार द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नशा करने वाले की समाज में कोई इज्जत नहीं रहती

### नशा मुक्ति के तहत नशा मुक्ति केन्द्र मालनपुर में कार्यक्रम आयोजित




भिण्ड। मालनपुर क्षेत्र में विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर संस्था महिला बाल विकास समिति द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र मालनपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को नशे से होने वाली हानियां और परेशानियों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्यामसुंदर श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि नशा एक बहुत ही घटिया किस्म की लत है, जिससे व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद होती है और घर परिवार भी बर्बाद हो जाता है। नशा करने वाले की समाज में कोई इज्जत नहीं रहती है, उसे लोग हेय दृष्टि से देखते हैं और उसे सम्मान के स्थान पर दुतकार ही मिलती है। इस मौके पर उपस्थित रहे पत्रकार ने बृजभूषण सिंह कुशवाह ने बच्चों को बताया कि हमें मनुष्य का जीवन मिला है, इस जीवन में हमें स्वयं के साथ-साथ परिवार, समाज एवं देश के लिए कुछ न कुछ करके दिखाना है। इसके लिए हमें नशे से सदैव दूर रहना होगा, तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। नशा करने वाले व्यक्ति का मानसिक विकास ठप हो जाता है, जिससे उसकी सोचने की क्षमता समाप्त होने लगती है और वह बर्वादी की ओर अग्रसर होने लगता है। इसलिए हमें सदा आगे बढ़ने की कोशिश करना चाहिए और नशे से दूरी बनाकर रखना होगी। पत्रकार देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि जो भी व्यक्ति नशा किया है उसकी शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षति तो होती ही है साथ ही परिवार को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई साथ ही वहां मौजूद अतिथियों ने संकल्प लिया कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशा छुड़वाने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. धर्मवीर सिंह, रामसेवक श्रीवास्तव, निहार शुक्ला, दीपक श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# जल सहेजने की योजना चढ़ी खानापुर्ति की भेंट, गहरा सकता है जल संकट

## अवैध रूप से चल रहे वाहन धुलाई सेन्टरों पर लाखों लीटर पानी हो रहा बर्वाद, फिर भी अफ्सर नहीं कर रहे कार्रवाई

### पढ़े-लिखे लोग भी करते पानी की बर्वादी, जिला प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

भिण्ड। वाहन धोने से लेकर छिड़काव आदि में लाखों लीटर पानी की बर्बादी की जा रही है वहीं दूसरी ओर अफ्सर पानी को सहेजने की सलाह आमजन को देने में लगे हैं, लेकिन इसका असर लोगों पर नहीं पड़ रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि अफ्सर सिर्फ दफ्तर में बैठकर पानी की बर्बादी को रोकने का प्रयास कर रहे है। जो एक तरह से खानापूर्ति के रूप में देखा जा रहा है। इन दिनों तेजी से बढ़ रहे पारे को देखकर जल संकट आशंका जाहिर की जा रही है। इसके बाद भी प्रशासन पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा पा रहा है। शहर में जर्जर पाइप लाइनों से रिसकर हजारों लीटर शुद्ध पानी नाले नालियों में बह जाता है, इसके बाद भी इसे रोकने के लिए कोई इंतजाम नहीं किये गये है। न तो इन जर्जर पाईप लाईनों की मरम्मत पर किसी का ध्यान जा रहा है और न ही इसे सहेजने की ओर कदम उठाये जा रहे है।

### धडल्ले से चल रहे वाहन धुलाई सेन्टर

जिले भर में अवैध रूप से सैंकडों की संख्या में वाहन धुलाई सेन्टर संचालित हैं, फिर भी इन पर कार्रवाई करना तो दूर इनका सही आंकड़ा तक प्रशासन नहीं जुटा पाया है। हैरत की बात यह है कि लंबे वक्त से न तो इन धुलाई सेन्टरों के निरीक्षण किये गये है और न ही यह पता लगाने के प्रयास किये गये है कि ऐसे कितने धुलाई सेन्टर है जो प्रशासन की नाक के नीचे अवैध रूप से चल रहे है। लेकिन इस ओर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### पढ़े-लिखे लोग भी नहीं जागरुक

जिले में धड़ल्ले से हो रही पानी की बर्बादी में पढ़े-लिखे लोग भी बराबर के हिस्सेदार है। इससे अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि जिले में पानी की बर्बादी रोकने की योजना कितनी कारगर सिद्ध हो रही है। आलम यह है कि किसी को सड़क पर छिड़काव का तो किसी का धंटों अपने वाहन को पानी से धोने का मानों भूत सवार है और शासन-प्रशासन की लाख समझाइश भी इन पर असर नहीं छोड़ पा रही है।



### कार्रवाई के लिए कूदना होगा मैदान में

अब वक्त आ गया है कि अफ़्सरों को दफ्तरों से बहार निकलकर ऐसे स्थानों पर दबिश देनी होगी जहां पानी की बर्बादी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस दिशा में प्रशासन को अवैध रूप से चल रहे वाहन धुलाई सेन्टर, स्विमिंग पूल आदि पर कार्रवाई करनी होगी साथ ही जनता को जागरुक करने के लिए अभियान भी चलाना होगा।

### गिर रहा भू-जल स्तर

गर्मियों के दौरान शहर में हर वर्ष भू-जल स्तर गिरने से पानी का संकट गहरा जाता है। जलापुर्ति के लिए शहर भू-जल पर ही आश्रित है और इसके अलावा दूसरा विकल्प मौजूद नहीं है। इसके बाद भी भू-जल का दोहन थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## हेमंत कटारे आज से तीन दिन के दौरे पर



भिंड। अटेर के पूर्व विधायक हेमंत कटारे तीन दिन अटेर व मेहगांव क्षेत्र में दौरे पर रहेंगे यह जानकारी अटेर के कांग्रेस प्रवक्ता देवेश शर्मा उर्फ सोनू ने जानकारी देते हुए बताया, क्षेत्र में जनता से मिल लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।

### नियमितीकरण की मांग को लेकर पेड़ पर चढ़ी आशा कार्यकर्ता

## बोली परमानेंट नहीं किया तो कूदकर देंगे जान

### राज्यमंत्री का दो बार कर चुकी घेराव, नियमितीकरण के साथ मानदेय बढ़ोत्तरी की भी कर रही मांग

भिण्ड। आशा कार्यकर्ता एवं उनकी सहयोगिनी कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल परिसर में स्थित एक पेड पर चढ़कर बैठ गई और बोली जब तक परमानेंट होने का आदेश नहीं आ जाता तब तक वे पेड से नहीं उतरेगी। सभी कार्यकर्ता नियमितीकरण की मांग को लेकर धरना दे रही आशा, ऊषा और सहयोगिनी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अनूठे अंदाज में विरोध प्रकट किया। उनका धरना विगत दिनों से जारी है और आंदोलन के दौरान आशा-ऊषा कार्यकर्ता दो बार राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया का घेराव भी कर चुकी हैं। एक बार उन्हें राज्यमंत्री भदौरिया के गुस्से का शिकार भी होना पड़ा। लेकिन उनका प्रदर्शन लगातार जारी है। वे नियमितीकरण के साथ मानदेय बढ़ोत्तरी की भी मांग कर रही है। साथ ही उन्होंने धमकी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो वे पेड़ से कूदकर अपनी जान दे देंगी।



नियमितीकरण की मांग को लेकर धरना दे रही

आशा,ऊषा और सहयोगिनी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अनूठे अंदाज में विरोध प्रकट किया। वे जिला अस्पताल परिसर में स्थित एक पेड़ पर चढ़कर बैठ गई इसी दौरान बोली जब तक परमानेंट होने का आदेश नहीं आ जाताए तब तक वे पेड़ से नहीं उतरेगी। साथ ही धमकी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो वे पेड़ से कूदकर अपनी जान दे देंगी। हालांकि शाम होते ही वे खुद पेड़ से उतरकर घर चली गई। बता दें कि आशा, ऊषा और सहयोगिनी कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर एक जून से लगातार धरने पर हैं। राज्यमंत्री की फटकार के बाद भी उनका धरना प्रदर्शन बंद नहीं हुआ है और लगातार धरना देकर अपनी मांग मनवाने को लेकर अड़ी हुई हैं।

## समाज सेवियों ने मुक्तिधाम से अस्थियों को एकत्रित कर नदी में विसर्जन किया

भिण्ड। नगर लहार में मुक्तिधामो की साफ सफाई नगर के समाज सेवियों द्वारा युद्धस्तर पर की जा रही है, नगर के भाटनताल मुक्तिधाम की साफ सफाई के बाद नगर के गुरुदेव बाबा मूक्तिधाम की साफ-सफाई की गई व आज मूक्तिधाम से लावारिस अस्थियों को नदी में प्रवाहित किया गया, जानकारी के अनुसार नगर पालिका लहार द्वारा मुक्तिधामो की उपेक्षा के चलते नगर के समाज सेवियों ने मुक्तिधामो के साफ सफाई करने का वीणा उठाया था जिसमे गुरुदेव बाबा मुक्तिधाम से लावारिस अस्थियों और राख को सांगेश्वर मंदिर पर स्थित नदी में प्रवाहित किया गयाएनगर से एक दर्जन समाजसेवियों ने सांगेश्वर मंदिर पहुँच कर क्रिया कर्म के अनुसार अस्थि विसर्जन किया।

# जेलर के दामाद पर भौंका महिला प्रहरी का डॉग, बेटे-दामाद ने प्रहरी को डंडों से पीटा

## महिला बोली- दोनों ने मेरे सीने पर हाथ रखा, कमर को पकड़ा

**ग्वालियर।** सेन्ट्रल जेल ग्वालियर के जेलर के दामाद पर डॉग क्या भौंका पूरी जेल लाइन में हंगामा खड़ा हो गया। जेलर के बेटे, दामाद ने डॉग की मालिक महिला जेल प्रहरी को डंडों से पीटा। महिला जेल प्रहरी का आरोप है कि जेलर के बेटे, दामाद ने उनके सीने पर हाथ रखा और कमर को पकड़कर छेड़छाड़ की।

इतना ही नहीं विरोध करने पर जेलर की पत्नी और बेटी ने उसे डंडों से पीटा। घटना सेन्ट्रल जेल स्थित शासकीय आवास में 16 जून रात 10 बजे की है। महिला ने उसी समय बहोड़ापुर थाने में शिकायत की। पुलिस ने जब कोई सुनवाई नहीं की तो पीड़ित जेल प्रहरी ने पुलिस कप्तान से गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने बहोड़ापुर थाने में रविवार को जेलर के परिवार पर FIR दर्ज की है।




### यह है पूरा मामला

सेन्ट्रल जेल ग्वालियर स्थित न्यू जेल लाइन में महिला जेल प्रहरी रहती है। सामने ही जेलर महेश टिकारिया का आवास है। महिला जेल प्रहरी 35 वर्षीय रानी (बदला हुआ नाम) ने बताया कि जेलर महेश टिकारिया का दामाद वहां से गुजर रहा था। मेरा डॉग निक्की उस पर भौंकने लगा। उस समय तो वह वहां से चला गया। मैं भी अंदर चली गई। पर कुछ देर बाद जेलर का बेटा चिंटू टिकारिया, दामाद, बेटी कंचन उर्फ रबीना, जेलर की पत्नी मीना टिकारिया आए। डॉग के रोने की आवाज आने पर मैं बाहर आई। देखा चिंटू और उसका जीजा डॉग को मार रहे थे। बचाने का प्रयास किया तो दोनों ने पहले मेरे सीने पर हाथ मारा। इसके बाद छेड़छाड़ के उद्देश्य से मेरी कमर पकड़ ली। मुझे कमर से पकड़कर बाहर घसीटकर लाए। विरोध करने पर जेलर की बेटी और पत्नी ने मुझे डंडों से पीटा। इसके बाद वह वहां से धमकाते हुए भाग गए।

### पुलिस ने भी नहीं सुनी फरियाद

महिला जेल प्रहरी ने मामले की शिकायत बहोड़ापुर थाना में की, लेकिन बहोड़ापुर पुलिस ने सीधे स्न्ढ्क्र दर्ज न करते हुए आवेदन ले लिया। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो महिला ने स्क्क ग्वालियर अमित सांघी से मामले में शिकायत की। इस पर तत्काल स्न्ढ्क्र के आदेश दिए गए। इसी मामले में आरोपी चिंटू टिकारिया, उसके बहनोई, बहन कंचन व मां मीना टिकारिया पर मारपीट, चिंटू और उसके बहनोई पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है।

### सिर्फ डॉग भौंकने का मामला था

महिला जेल प्रहरी ने जेलर के दामाद और बेटे पर उससे छेड़छाड़ का आरोप लगाया है, जबकि इस मामले में जेलर का कहना है कि महिला का डॉग उनके दामाद पर भौंका। जब दामाद खुद को बचाने के लिए भागा तो डॉग ने भी उनके पीछे दौड़ लगा दी। इसके बाद कुछ कहा सुनी हुई। जिसे यह जेल प्रहरी छेड़छाड़ का रूप दे रही है।

## 5 साल में में डबल करने का झांसा देकर डॉक्टर से 60 लाख की ठगी

**ग्वालियर।** एक चिट फंड कंपनी के न एक डॉक्टर को 5 साल में पैसा डबल करने का झांसा देकर 60 लाख की चपत लगा दी ।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार यूपी जालौन निवासी इंद्रपाल सिंह रिटायर्ड डॉक्टर हैं। वर्ष 2012 में उनकी मुलाकात कपिल सिंह निवासी चीनौर रोड डबरा से हुई ।कपिल ने उन्हें बताया कि वह एन जी एस आई कंपनी और सहज एग्रो कोऑपरेटिव कंपनी में मैनेजर का काम करते हैं । उनकी कंपनी 5 साल में रकम दोगुना करती है इसके बाद कपिल ने उनकी मुलाकात कंपनी के डायरेक्टर पिफल सिंह से निवासी फिरोजपुर पंजाब एवं जितेंद्र सिंह निवासी चीनौर और कमलेश मिश्रा निवासी इंदरगढ़ और राजेंद्र राजोरिया से कराई।डॉक्टर इनकी बातों में आ गए और अपनी बेटी सौम्या सिंह के नाम से कंपनी में 60 लाख रुपये जमा करा दिए ।इसके बाद आरोपियों बॉन्ड भी दिए वर्ष 2017 में पैसा डबल होने थे इसके बाद आरोपी नश उन्हें उन्हें कुछ समय बाद पैसा देने की बात कहते रहे। रुपए न मिलने पर पीड़ित ने जब कंपनी के कर्मचारियों पर दबाव बनाया तो आरोपियों ने.उन्हे पैसे देने से मना कर दिया। इसके बाद ठगी का शिकार पीड़ित पिता पुत्री डबरा थाना पुलिस में शिकायत की लेकिन काफी समय बाद भी जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पीड़ित ने पुलिस कप्तान से शिकायत की ।

## नियमित साइकिलिंग स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए वरदान : निगम आयुक्त

**ग्वालियर।** नियमित रूप से साइकिल चलाना स्वास्थ्य के लिए तो लाभदायक है ही इसके साथ ही यदि हम अपने छोटे छोटे कार्यों के लिए वाहन को छोड़कर नियमित रूप से साइकिल का उपयोग करते हैं तो यह पर्यावरण के लिए भी लाभदायक है इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक वह नियमित रूप से साइकिलिंग करने की आदत डालनी चाहिए। उक्त आशय के विचार आज रविवार को नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने सिटी सेंटर क्षेत्र में आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। स्मार्ट सिटी ग्वालियर एवं गुरुकुल ड्रीम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में महिलाओं में साइकिलिंग के प्रति जागरूकता लाने तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से इस साईकल रैली का आयोजन किया गया था।

## बाइक आमने-सामने आने पर दो युवकों को चप्पल बेल्ट से पीटा; वीडियो भी बनवाते रहे बेखौफ हमलावर



**ग्वालियर।** ग्वालियर में किले पर जाने वाले रास्ते पर दो युवकों को घेरे कुछ लोगों ने जमकर पीट रहे हैं। दोनों को चप्पल, लातों और बेल्ट से पीट जा रहा है। इसका VIDEO सामने आया है। इस 17 सेकंड के वीडियो में मारपीट करने वाले लड़के गालियां देते हुए दो युवकों को पीट रहे हैं। उनके कपड़े तक फाड़ दिए हैं। झगड़ा सुबह का बताया जा रहा है। जब इस मामले में पड़ताल की तो पता लगा कि किले पर जाने वाले रास्ते में बाइक आमने-सामने आने पर बहस हुई। इसके बाद एक पक्ष ने अपने साथियों को बुलाकर इस तरह दोनों लड़कों को पीटा। मामला बहोड़ापुर थाना तक भी पहुंचा है, लेकिन दोनों पक्षों ने वहां शिकायत करने के बदले राजीनामा कर लिया है।

ग्वालियर किले पर जाने के लिए उरवाई गेट से रास्ता है। यहां ढलान पर कई बार वाहन आमने-सामने आने पर हादसे की संभावना बन जाती है। जिस पर झगड़े भी होते हैं। बहोड़ापर निवासी कार्तिक गौड़ अपने एक दोस्त के साथ किले पर जा रहे थे। सामने से मनु शर्मा अपनी बाइक से आ रहा था। अचानक मोड़ पर दोनों के वाहन आमने-सामने आ गए। इस पर कार्तिक और मनु में बहस भी हुई। बहस होने के बाद मनु ने कॉल कर अपने साथियों को बुला लिया। मनु के साथी आने के बाद उन्होंने कार्तिक और उसके दोस्त को पकड़कर जमकर पीटा। साथ ही अपने दोस्तों से दोनों लड़कों को पीटने का वीडियो भी बनवाते रहे। इन्हीं में से किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। मारपीट का 17 सेकंड का वीडियो शहर में जमकर वायरल हो रहा है।

### बेल्ट से पीट रहे हैं और गालियां दे रहे हैं

17 सेकंड के वायरल वीडियो में कार्तिक और उसके दोस्त को मनु शर्मा व उसके साथी लात, घूसे व चप्पलों से पीट रहे हैं। एक लड़का उनको बेल्ट से पीट रहा है और गालियां बक रहा है। जब वीडियो वायरल हुआ तो बहोड़ापुर पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने दोनों पक्ष को थाना ले आई। पर दोनों पक्ष आपस में राजीनामा कर चले गए।

### ग्वालियर किले पर स्टंट करने पहुंचते हैं युवा

किले पर असामाजिक तत्वों के झगड़े का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी झगड़े यहां होते रहे हैं। शहर भर से युवा बाइक सवार सुबह-सुबह किले पर पहुंचकर यहां स्टंट करते हैं। यहां आने वाले पर्यटकों को परेशान करते हैं। फिलहाल कोरोना के चलते काफी दिन से किला पर आना जाना बंद था, लेकिन अनलॉक के साथ फिर इस तरह की घटनाएं होने लगी हैं।

## अमृतसर में छेड़छाड़ और ग्वालियर में किया दुष्कर्म, दो पर एफआईआर

**ग्वालियर।** सिटी सेंटर इलाके की रहने वाली एक महिला को उसका परिचित युवक नौकरी का झांसा देकर अमृतसर ले गया। वहां महिला को होटल में ले गया, यहां उसे अपने दोस्त के साथ अकेला छोड़ दिया। उसके दोस्त ने छेड़छाड़ कर दी। इसके बाद ग्वालियर के एक होटल में युवक ने दुष्कर्म किया। जब उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। यूनिवर्सिटी थाना पुलिस ने इस मामले में दुष्कर्म और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, सिटी सेंटर इलाके में रहने वाली महिला कॉस्मेटिक प्रोडक्ट



बनाने वाली कंपनी में नौकरी करती थी। लॉकडाउन लगते ही उसकी नौकरी छूट गई। एक दिन महिला के मुंहबोले भाई के साथ उसका दोस्त राजीव सक्सैना आया और बोला कि हर माह 25 हजार रुपए तनख्वाह मिलेगी, लेकिन अलग-अलग राज्यों में उसके साथ चलकर कॉस्मेटिक व अन्य उत्पादों की मार्केटिंग करनी होगी। महिला को परिवार चलाना था, इसलिए वह काम करने को राजी हो गई। मई में वह उसे अपने साथ लेकर अमृतसर गया। यहां एक होटल में उसे रुकवाया। अपने दोस्त सिमरजीत सिंह से मिलवाया। फिर महिला को होटल में अकेला छोड़कर चला गया। सिमरजीत सिंह ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला ग्वालियर लौट आई। यहां एक होटल में राजीव ने उसे मिलने बुलाया तो महिला के साथ गलत काम किया। इसके बाद उसे धमकाता रहा।

## पत्नी फांसी पर झूली, कई महीनों से डिप्रेशन में थी

**ग्वालियर।** चिटनिस की गोठ स्थित होमकर की गली की रहने वाली ऊषा शर्मा( 55 ) पत्नी महेशचंद्र शर्मा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह जब पति मॉर्निंग वॉक पर गया, तभी ऊषा ने फांसी लगा ली। जब लौटकर आए तब उन्हें घटना का पता लगा। कोतवाली थाना प्रभारी राजीव गुप्ता ने बताया कि शनिवार सुबह 4 बजे महेश जागे और इसके बाद मॉर्निंग वॉक के लिए चले गए। इसी दौरान ऊषा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह करीब 9.30 बजे वह लौटकर आए। जब वह अपने कमरे में गए



तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। बताया गया है कि महेशचंद्र का एक ही बेटा है और वह इंदौर में कलेक्ट्रेट में असिस्टेंट अकाउंट ऑफिसर है। बताया गया है कि ऊषा कई महीनों से डिप्रेशन में थी। मानसिक रूप से बीमार थीं, उनका इलाज चल रहा था।

### इधर, विवाहिता ने फांसी लगाई

गदाईपुरा के राजेश्वरी नगर में सोनम बघेल (35) ने शनिवार की रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका का पति दिल्ली में काम करता है। सोनम दो बच्चों के साथ रहती थीं। बड़ा बेटा रिश्तेदार के यहां गया था। घर पर सोनम और उनका छोटा बेटा ही था। सूचना पर थाना प्रभारी आलोक परिहार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया।






## महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित 12 पर मामला दर्ज

**ग्वालियर।** शहर में महिला कांग्रेस अध्यक्ष रूचि गुप्ता सहित 12 महिलाओं पर कोविड गाइडलाइन तोड़ने और धारा 144 का उल्लघंन करने पर विश्वविद्यालय थाने में मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को कोरोना संक्रमण से जान गंवाने वालों के परिजन को घोषित योजनाओं का लाभ न दिए जाने पर महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन किया था। महिला कांग्रेस ने केंद्र व राज्य सरकार की प्रतीकात्मक अर्थी जलाई थी। साथ ही महिला नेताओं ने पहले जीवाजी विश्वविद्यालय चौराहे पर अर्थी रखकर प्रदर्शन किया और रैली भी निकाली थी। इसे पुलिस ने कोविड गाइडलाइन व कलेक्टर के आदेश का उल्लघंन माना है। शनिवार को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रूचि गुप्ता, चतुर्भुज धनौलिया, वीरेन्द्र तोमर के साथ 10 से 12 महिलाओं ने सिटी सेंटर विजयाराजे सिंधिया चौराहा पर प्रदर्शन किया था। यहां केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार की प्रतिकात्मक अर्थी जलाई। नारेबारी की। जबकि इस समय किसी भी तरह के सार्वजनिक और सामाजिक, धार्मिक आयोजन की इजाजत नहीं है। इस दौरान महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष रुचि गुप्ता को समझाने गए एसडीएम सीबी प्रसाद, तहसीलदार कुलदीप दुबे के बीच बहस भी हुई। यहां प्रदर्शन के बाद सभी महिलाएं कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष रूचि गुप्ता के साथ रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंची और वहां प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## पुष्पांजली टुडे समूह द्वारा

हरिओम चतुर्वेदी जी को शिवपुरी ज़िला ब्यूरो चीफ बनाये जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



खबरे एवं विज्ञापन के लिए आप हमें संपर्क करें
संपर्क – 9009279100






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478